कृष्णा पक्ष, 21 वर्ष, अंक 364, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 30 जनवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## '370 पर स्टैंड क्लियर, पुरानी व्यवस्था लागू हो'

# सत्ता में आए तो 370 बहाल करेंगे: राहुल





**श्रीनगर:** श्रीनगर के लाल चौक पर रविवार को राहुल गांधी ने तिरंगा फहराया। वह सुरक्षाकर्मियों की गाड़ी में वहां पहुंचे। उनके साथ बहन प्रियंका गांधी भी मौजूद थीं। तिरंगा फहराने के बाद राहुल की भारत जोड़ो यात्रा खत्म हो गई जबकि इसे 30 जनवरी को खत्म होना था। सूत्रों ने बताया कि लाल चौक के कार्यक्रम के बाद यात्रा खत्म कर दी गई। कांग्रेस दफ्तर में सोमवार को होने वाला कार्यक्रम भी रद्द कर दिया गया है।

राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 370 पर हमारा स्टैंड क्लीयर है, हम इसकी बहाली चाहते हैं। हम सत्ता में आए तो इसकी बहाली करेंगे। भाजपा का कहना था कि 370 हटने के बाद यहां सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त हुई है। लेकिन यहां टारगेट किलिंग हो रही है। लोगों में डर का माहौल है। अगर सब कुछ ठीक है तो अमित शाह जम्मू से श्रीनगर तक पदयात्रा करके दिखाएं। लाल चौक पर तिरंगा फहराने के दौरान भारी तादाद में पुलिस बल तैनात रहा। पूरे इलाके को बैरिकेड्स लगाकर सील कर दिया गया। आसपास की सभी दुकानें बंद करवा दी गईं। राहुल सुरक्षाकर्मियों की गाड़ी में लाल चौक पहुंचे थे। राहुल गांधी के साथ जयराम रमेश, मल्लिकार्जुन खड़गे, जयराम रमेश, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती के शामिल होने की जानकारी है। पंथा चौक से अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रेसिडेंट मुजफ्फर शाह भी यात्रा में शामिल हुए हैं।

**राहुल ने कहा- मेरे पूर्वज कश्मीर से थे:** जम्मू कश्मीर में मैंने जो देखा, उससे खुश नहीं हुआ। यहां के लोगों में दुख है। मेरा परिवार कश्मीर से ही निकला है। मेरे पूर्वज यहीं के है। मुझे महसूस हो रहा था कि मैं घर जा रहा हूं। यहां टारगेट किलिंग हो रही है। भाजपा वाले कहते हैं कि 370 हटने के बाद कश्मीर में सब ठीक हो गया। अगर यहां सब ठीक है तो अमित शाह को जम्मू से श्रीनगर तक पदयात्रा करनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष में बिखराव नहीं है, सब एकजुट होकर लड़ेंगे। यह बीजेपी-संघ के खिलाफ विचारधारा की लड़ाई है। मीडिया को जो फोकस विपक्ष पर देना चाहिए, वो देती नहीं। जो हम बोलते हैं, वो मीडिया मिस कर जाती है। यात्रियों ने ईस्ट टू वेस्ट यात्रा के लिए कहा है, लेकिन अभी हमने तय नहीं किया है। तय होते ही बताएंगे। 135 दिन यात्रा थी। यह सिर्फ यात्रा नहीं थी। हम लोगों से जुड़कर उनसे हरसंभव संवाद करना चाहते थे। राहुल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में जब लोकतंत्र बहाल होगा, तभी यहां की समस्या का समाधान होगा। लद्दाख के लोग भी यही चाहते हैं।

## भाजपा ने संविधान में दिए गए आश्वासनों को ध्वस्त कर दिया: महबूबा

**श्रीनगर: पीडीपी** अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी कश्मीर को सैन्य छावनी में तब्दील करने के बाद श्रीनगर के लाल चौक में तब राष्ट्रीय ध्वज फहरा पाए। ऐसा करके भाजपा ने संविधान में दिए गए आश्वासनों को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने पहली बार 1948 में कश्मीर में लोगों की भीड़ के बीच तिरंगा फहराया था, जो उत्सवों से चिह्नित एक महत्वपूर्ण अवसर था। महबूबा ने ट्वीट कर कहा कि आज इतिहास गवाह है कि राहुल गांधी ने उसी झंडे को पूरी तरह से अलग उन परिस्थितियों में फहराया, जब कश्मीर को एक सैन्य छावनी में बदल दिया गया था। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में दिए गए आश्वासनों को भाजपा ने ध्वस्त कर दिया है, जो यह पूरी तरह से विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने आक्रमणकारियों को पीछे धकेल कर उनका सफलतापूर्वक मुकाबला किया और आपसी विश्वास और सम्मान पर आधारित भारत के साथ एक नए रिश्ते की शुरूआत की। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नेहरू के प्रयासों से मुस्लिम बहुल जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय सुनिश्चित हुआ। महबूबा ने कहा कि अनुच्छेद 370 को असंवैधानिक रूप से हटाकर भाजपा कश्मीर मुद्दे को हल करने का दावा करती है।

## देश को बांटने की कोशिश हो रही: मोदी



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि देश में लोगों के बीच खाई पैदा करने की कोशिश की जा रही है। राष्ट्र को तोड़ने के कई बहाने ढूंढें जाते हैं, लेकिन इस तरह की कोशिशें सफल नहीं होंगीं। उन्होंने यह बात शनिवार को दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) की 75वीं वार्षिक रैली में कही है। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे।

**मां भारती की संतानों के बीच दूध में दरार डालने की कोशिश: पीएम** मोदी ने कहा कि मां भारती की संतानों के बीच दूध में दरार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स के बीच भरोसा दिलाया कि इस तरह की लाख कोशिशों के बावजूद भारत के लोगों के बीच न कभी मतभेद होगा और न कभी दरार पैदा होगी। मां के दूध में कभी दरार नहीं हो सकती।

**पूरी दुनिया में चर्चा है कि भारत का समय आ गया है: पीएम** ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह भारत के युवा हैं हैं। आज हर तरफ चर्चा है।

कि भारत का समय आ गया है। पूरी दुनिया आज भारत की तरफ देख रही है. देश की युवा शक्ति का डंका बज रहा है।

## अमौसी एयरपोर्ट पर टेक ऑफ कर रहे विमान से टकराया

**लखनऊ: अमौसी** एयरपोर्ट पर रविवार सुबह उस वक्त बड़ा हादसा होते हुए टल गया जब लखनऊ से कोलकाता जा रही एयर एशिया की फ्लाइट से अचानक एक पक्षी टकरा गया। विमान टेकऑफ के लिए तैयार था, इसी बीच पक्षी टकराने से पायलट ने विमान को रनवे पर ही रोक दिया। विमान में 180 पैसेंजर थे, जो बाल बाल बच गए। दरअसल चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर हाल ही में एयर एशिया की ओर से विमान सेवा शुरू की गई है।

## ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री को पुलिस अफसर ने गोली मारी



**भुवनेश्वर: ओडिशा** के स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास पर रविवार दोपहर करीब एक बजे जानलेवा हमला हुआ। उन्हें ड्यूटी में तैनात एक एएसआई ने गोली मार दी। घटना के दौरान मंत्री झाड़सुगड़ा के ब्रजराजनगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। कार की अगली सीट पर बैठे दास जैसे ही नीचे उतरे एएसआई ने उनके सीने में दो गोली मार दी। खून से लथपथ दास कार के पास ही गिर पड़े। घटनास्थल पर मौजूद उनके समर्थकों ने उन्हें पकड़ा और एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल भेजा। कुछ देर बाद उन्हें एअरलिफ्ट कर भुवनेश्वर के अपोलो अस्पताल लाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी दास से मिलने अस्पताल पहुंचे। क्राइम ब्रांच ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, पुलिस ने फायरिंग करने वाले एएसआई गोपालदास को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है, लेकिन अभी तक आरोपी ने हमले की वजह नहीं बताई है।

**लोगों ने पुलिसकर्मी को गोली चलाकर भागते देखा:** आई विटनेस एडवोकेट राम मोहन राव ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री नब दास कार्यक्रम में चीफ गेस्ट थे। जब वो पहुंचे तो उनके स्वागत के लिए भीड़ जमा हो गई।

तभी उन पर किसी ने गोली चला दी। हमने देखा एक पुलिसकर्मी पास से गोली चलाकर भाग रहा था।

**सीएम ने कहा- हमले की खबर सुनकर स्तब्ध हूं:** ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने स्वास्थ्य मंत्री पर हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा- हमले की खबर सुनकर स्तब्ध हूं, उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## आखिरकार चाचा-भतीजे में मिट गई दूरियां



**लखनऊ: समाजवादी** पार्टी ने अपने कई बड़े नेताओं को अहम पदों से नवाजा है। वहीं अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल यादव को समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय महासचवि बना दिया है। बता दें कि मैनपुरी चुनाव में डिंपल यादव की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले शिवपाल यादव के लिए अखिलेश ने कहा था कि जल्द ही उन्हें पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। शिवपाल यादव को सपा का राष्ट्रीय महासचवि बनाने के बाद अखिलेश ने अपना वादा पूरा कर दिया है। इसके साथ ही चाचा और भतीजे में लंबे समय से चली आ रही दूरियां भी समाप्त हो गईं। वहीं आजम खान को भी सपा ने राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी दी है। वहीं रामगोपाल यादव को राष्ट्रीय प्रमुख महासचवि बनाया गया है। हैंडल से लिस्ट भी जारी कर दी है। लिस्ट में कई नेताओं के नाम हैं। जिन्हें समाजवादी पार्टी ने बड़े और अहम पदों से नवाजा है।

## पद्म पुरस्कार विजेताओं के प्रेरक जीवन विस्तार से जानें और साझा करें : प्रधानमंत्री

# लोकतंत्र की जननी है भारत: मोदी




**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में लोगों से अनुरोध किया कि वे इस बार के पद्म पुरस्कार विजेताओं के प्रेरक जीवन के बारे में विस्तार से जानें और इस जानकारी को दूसरों के साथ भी साझा करें। प्रधानमंत्री ने मन की बात के 97वें संस्करण में कहा कि जनजातीय समुदायों में काम करने वाले, उनसे जुड़ी चीजों के संरक्षण और शोध करने वाले, पारंपरिक वाद्य यंत्र की धुन बिखेरने वाले और नॉर्थ-ईस्ट में अपनी संस्कृति के संरक्षण में लगे लोगों को इस बार प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। हम सबको इस पर गर्व होना चाहिए। उदाहण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि संतूर, बम्हुम, द्वितारा जैसे हमारे पारंपरिक वाद्ययंत्र की धुन बिखेरने में महारतगुलाम मोहम्मद जाज, मोआ सु-पोंग, री-सिंहबोर कुरका-लांग, मुनि-वेंकटप्पा और मंगल कांति राय की चारों तरफ चर्चा हो रही है। टोटो, हो, कुइ, कुवी और मांडा जैसी जनजातीय भाषाओं पर काम करने वाले कई महानुभावों को पद्म पुरस्कार मिले हैं। धानीराम टोटो, जानुम सिंह सोय और बी. रामकृष्ण रेड्डी के नाम से अब पूरा देश परिचित हो गया है। सिद्धी, जारवा और ओंगे जैसी आदि-जनजाति के साथ काम करने वाले लोगों को भी इस बार सम्मानित किया गया है। जैसे - हीराबाई लोबी, रतन चंद्र कार और ईश्वर चंद्र वर्मा जी।

## 'मोदी के अलावा कोई और होता तो नहीं बनाता मुझे विदेश मंत्री'



**नई दिल्ली:** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पुणे में अपनी अंग्रेजी किताब "द इंडिया वे: स्ट्रैटेजीज फॉर एन अनसर्टेन के विमोचन समारोह में शामिल हुए थे। उनकी इस पुस्तक का मराठी भाषा में भारत मार्ग नाम के साथ अनुवाद किया गया है। भारत मार्ग पुस्तक के विमोचन में जयशंकर कार्यक्रम में गए थे।

**पहले विदेश सचिव थे जयशंकर:** कार्यक्रम में बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा किसी और प्रधानमंत्री ने उन्हें विदेश मंत्री नियुक्त करता। जयशंकर ने कहा कि विदेश मंत्री के रूप में नियुक्त होने से पहले केवल विदेश सचिव बनना ही उनकी महत्वाकांक्षा की सीमा थी। बता दें कि जयशंकर ने विदेश मंत्रालय में विदेश सचिव के रूप में कार्य किया था।

**विदेश सचिव बनना ही सपनों की सीमा थी:** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कार्यक्रम में कहा कि मेरे लिए विदेश सचिव बनना ही स्पष्ट रूप से मेरी महत्वाकांक्षा की सीमा थी। मैंने कभी मंत्री बनने का सपना भी नहीं देखा था।

## दुनिया के कई देशों के यंग लीडर्स से सीएम योगी की हुई मुलाकात

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान, इंडोनेशिया समेत कई देशों के यंग लीडर्स से मुलाकात करते हुए कहा कि दुनिया के यंग लीडर्स लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए मिलकर कार्य करेंगे तो न केवल अपने देश का बल्कि दुनिया के अंदर हम मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर पाएंगे। भारत के प्राचीन ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम के साथ दुनिया के सभी देश मिलकर काम कर रहे हैं तो स्वाभाविक रूप से दुनिया के इन देशों ने लोकतंत्र को किसी न किसी रूप में अंगीकार किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेन नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क प्रोग्राम में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों के साथ रविवार को अपने सरकारी आवास पर बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अर्जेंटीना, बोत्सवाना, कनाडा, हंगरी, इंडोनेशिया, जापान और लिथुआनिया से आए हुए यंग लीडर्स का उत्तर प्रदेश सरकार और नागरिकों की ओर से अभिनंदन भी किया। प्राचीन काल से लोकतंत्र की जननी है भारत

अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारा देश वर्तमान में अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है लेकिन लोकतंत्र की जड़ें भारत के अंदर इतनी गहराई से जुड़ी हुई हैं कि यह प्राचीन काल से ही लोकतंत्र की जननी रहा है। लोकतंत्र की जननी के इस सबसे बड़े राज्य में आप सबका आगमन हुआ है। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक व्यवस्था का प्रतिनिधित्व करने वाला यह राज्य कई मायनों में महत्वपूर्ण है। भारत के खाद्यान्न उत्पादन की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका उत्तर प्रदेश की है। 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि के साथ हम 20 फीसदी भारत के कुल खाद्यान्न का उत्पादन करते हैं। खाद्यान्न उत्पादन में भारत में उत्तर प्रदेश नंबर एक है। इसके साथ ही गन्ना, सब्जी और दुग्ध उत्पादन में भी नंबर एक पर है।

**भारत से जुड़ी हैं जापान की स्मृतियां:** मुख्यमंत्री बोले कि मुझे प्रसन्नता है कि आप दुनिया की सबसे प्राचीन नगरी काशी का भ्रमण करके आए हैं। काशी भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान की नगरी है। सृष्टि की शुरूआत से इस नगरी की पहचान है। यही नहीं, काशी के साथ ही दुनिया का सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद भी भारत ने दुनिया को दिया है। मुझे प्रसन्नता है कि जापान के यंग लीडर्स भी यहां आए हुए हैं। जापान की स्मृतियां भारत से जुड़ी हुई हैं, क्योंकि भगवान बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति की भूमि हो या उनके सिद्धि प्राप्ति की भूमि, उनके महापरिनिर्वाण स्थली हो या उनकी पावन धरा के रूप में भारत और उसमें उत्तर प्रदेश की धरती महत्वपूर्ण भूमिका रखती है।

## 'एलआईसी के पैसे का हो रहा दुरुपयोग'

**नई दिल्ली:** हिंडनबर्ग की रिपोर्ट5 सामने आने के बाद से विपक्षी दल सरकार पर हमलावर रुख अपनाए हुए हैं। इस बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी ट्वीट कर सरकार को निशाने पर लिया है। मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जीवन बीमा निगम को लेकर सरकार से तीखे सवाल पूछे हैं और उन पर सवाल भी उठाए हैं।

**खरगे ने ट्वीट कर साधा सरकार पर निशाना:** मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट कर लिखा कि सरकार ने भारतीय जीवन बीमा निगम का नाम बदलकर करोड़पतियों के लिए निवेश लूटो 'लूट इन्वेस्टमेंट फॉर क्रोनीज' कर दिया है।

## सेना और पुलिस बैंड ने 29 धुनों से सब का मन मोहा, लेजर और लाइट शो से जगमगाया कर्तव्य पथ

# विजय चौक पर बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी समाप्त



**नई दिल्ली:** नई दिल्ली के विजय चौक पर रविवार को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी हुई। इस खास मौके पर सेना, नौसेना, वायु सेना,राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के संगीत बैंड राष्ट्रपति के सामने 29 शास्त्रीय धुनें बजाईं। सारे जहां से अच्छा... धुन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज को पूरे सम्मान के साथ उतारा गया। इसके बाद तीनों सेनाओं की प्रमुख राष्ट्रपति से सेना के बैंड को ले जाने की अनुमति मांगी गई। अनुमति मिलते ही बैंड स्थल से रवाना हो गए। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों का समापन हुआ। भारी बारिश के बावजूद सेरेमनी को देखने बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर दिल्ली की सभी प्रमुख इमारतें रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग हुईं।

**कार्यक्रम में बजाई गई 29 धुनें:** रक्षा मंत्रालय के अनुसार, सेना के तीनों अंग और राज्य पुलिस व उअढऋके संगीत बैंड द्वारा 'बीटिंग द रिट्रीट' सेरेमनी में 29 धुनों को बजाया गया। समारोह की शुरूआत अग्नीवीर धुन के साथ हुई। रक्षा मंत्रालय ने बताया, सेना और पुलिस बल ने 'अल्मोड़ा', 'केदारनाथ', 'संगम दूर', 'सतपुड़ा की रानी', 'भागीरथी', 'कोंकण सुंदरी' जैसी मोहक धुनें बजाईं। इनमें वायु सेना के बैंड ने 'अपराजेय अर्जुन', 'चरखा', 'वायु शक्ति', 'स्वदेशी' धुन बजाईं। वहीं नौसेना के बैंड 'एकला चलो रे', 'हम तैयार हैं।

## दिल्ली: हमले की फिराक में खालिस्तानी आतंकी

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में खालिस्तानी संगठनों से जुड़े पोस्टर और वीडियो वायरल होने के बाद से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई है। कई मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एजेंसियों को खालिस्तानी आतंकवादियों के सक्रिय होने और राजधानी में आतंकी हमला करने की सूचना भी मिली है, जिसके बाद से सभी सुरक्षा एजेंसियों को सक्रिय कर दिया गया है। सूत्रों की माने तो दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न इलाकों में कई ।



# कोल्डस्टोर में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

## आधा दर्जन फायर ब्रिगेड व पानी के टैंकरों ने लगभग पांच घंटे तक करते रहे आग पर काबू करने का प्रयास





**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा के फोरलेन स्थित ग्राम सुलतानपुर खास में सागर कोल्डस्टोरेज है। बताया गया है कि दोपहर में कोल्ड स्टोर में खाली होने के कारण मरम्मत का कार्य चल रहा था। बताया गया है कि वेलडिंग मशीन से जुडाई का कार्य चल रहा था। सिलेंडर की पाइप में गैस रिसाव होने से आग धीरे धीरे पूरे स्टोर में फैल गई। और मजदूर भाग खडे हुए। धुआं की लपटें कई घंटों तक एक किलोमीटर दूर तक देखी गई। इंस्पेक्टर मऊआइमा ने तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग के एफ एस ओ को दी।एक घंटे बाद फायरब्रिगेड की गाडियां आती रही आधा दर्जन गाडियों के अधिकारियों , कर्मचारियों की अथक प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। देर शाम तक जब तक पूरी तरह आग बुझ नहीं गयी।दमकल की आधा दर्जन गाडियां मौजूद रही। मऊआइमा कस्बा के कजियाना कलां निवासी मोहम्मद आलम पुत्र अब्दुल सत्तार भाजपा के नेता हैं। थाना पडाव ग्राम सुलतानपुर खास फोरलेन पर पेट्रोल पंप चलाते हैं तथा वहां से दो सौ मीटर दूरी पर सागर कोल्ड स्टोर भी चलता है। बताते हैं कि कोल्ड स्टोर खाली होने के कारण इन दिनों स्टोर में मरम्मत का काम चल रहा था। बताते हैं कि दोपहर में स्टोर में वेल्डिंग से जुडाई का काम चल रहा था। गैस पाइप लीकेज होने के कारण आग फैलने लगी डर से सारे मजदूर भाग निकले। अचानक कोल्ड स्टोर में आग लग गई। देखते देखते पूरे स्टोर से धुआं निकलने लगा। धुआं एक किलो मीटर तक देखा गया। दम घूंटों धुआं से किसी की हिम्मत नहीं हुई वह कैसे बुझाए। इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने इसकी सूचना एफ एस ओ प्रभारी नागेंद्र प्रताप द्विवेदी ,ए सीपी चिराग जैन को दी। एक घंटे के बाद से सोरांव, फूलपुर, प्रतापगढ़, सिविल लाइंस की आधा दर्जन दमकल की टीम अपनी जान की बाजी लगा कर देर शाम को आग पर काबू पाए। मऊआइमा नगर पंचायत की टैंकरों द्वारा निरंतर पानी पहुंचाने का काम करती रही।





### एम एल सी निर्मला पासवान भाजपा नेता मो. आलम के जले कोल्डस्टोर पर पहुचीं

रविवार को एम एल सी निर्मला पासवान भाजपा नेता मोहम्मद आलम के जले हुए स्टोर को देख कर काफी दुख जताई।और लोगों को आग बुझाने दमकल एंव स्थानीय थाने की पुलिस की तारीफ की। इस मौके पर मोहम्मद आलम, निमिष खत्री सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

# एनसीसी कैडेट्स ने माघ मेला में किया वस्त्र वितरण



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** रविवार को सेंट जॉन्स अकादमी के छात्र और 15 यूपी एनसीसी बटालियन के कैडेट्स ने माघ मेला क्षेत्र में भ्रमण किया । इसी दौरान उन्होंने गरीबों को कपड़े बांटे और उनसे बातचीत कर उनके प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया । कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर सी वी इन्नेस और प्रधानाचार्य जरीन रिजवी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लियूटेनेंट अभिजीत ने बताया की ऐसे कार्यक्रमों से कैडेट्स में समाज के प्रति जागरूकता आती है और देश के प्रति प्रेम और त्याग की भावना भी बढ़ती है । कैडेट एडमिनिस्ट्रेटर आदित्य सोनकर ने भी इस दौरान अपना पूरा सहयोग देते हुए कैडेट्स का मार्गदर्शन किया।

## रामकथा के पश्चात हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**सहसों।** श्री राम चरित मानस सम्मेलन समिति सहसों के तत्वाधान में आयोजक समिति के अध्यक्ष एवं जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी द्वारा भव्य एवं संगीतमय नव दिवसीय श्री राम कथा के उपरांत हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। कथा स्थल स्थित यज्ञशाला में सहसों के समस्त श्रोता भक्त नर नारी ने पहुंचकर आचार्य पंडित विमल कुमार शुक्ला द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ किया। तत्पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में सहसों सहित आसपास के भक्तों ने भंडारे में पहुंचकर भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने सहयोगात्मक अथक श्रमदान किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से चन्द्रेश कुमार केसरवानी, सूर्यकांत तिवारी, सत्यम केसरवानी, इंजीनियर मनोज प्रजापति, राजा केसरवानी, शिवम केसरवानी, नितिन तिवारी, राजल केसरवानी, दिलीप केसरवानी सहित आदि लोग सहयोग करते हुए उपस्थित रहे।

# प्रकाश हॉस्पिटल महासंग्राम क्रिकेट प्रतियोगिता डीहा में आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**शनिवार को पांचवा प्रकाश हॉस्पिटल क्रिकेट महासंग्राम का उद्घाटन डॉ विजय बाबू जिला पंचायत सदस्य एवं प्रकाश हॉस्पिटल के निदेशक ने फीता काट कर किया शुभारंभ**

**करछना।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शनिवार को पांचवा प्रकाश हॉस्पिटल क्रिकेट महासंग्राम का शुभारंभ हुआ जिसका उद्घाटन डॉ विजय बाबू जिला पंचायत सदस्य एवं प्रकाश हॉस्पिटल के निदेशक ने फीता काट कर शुभारंभ किया, इस प्रतियोगिता में दर्जन भर से अधिक टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच खेलने आई डीहा टीम तथा सेमरहा की टीम के बीच उद्घाटन मैच खेला गया जिसमें डीहा की टीम कान्हा इलेवन विजई हुई टॉस जीतकर कान्हा इलेवन ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया अच्छी गेंदबाजी करते हुए अंबुज इलेवन की टीम को 8 ओवर में 60 रनों पर ही रोक दिया मुकाबला काफी कांटे का हुआ अंततः जीत कान्हा टीम 11रन से विजयी रही अंबुज सेमरहा, (कप्तान) सत्यम, सनी, अंजनी,रवि,गोलू, अमर , प्रियांशु, उज्जवल, विजय , समरकान्हा डीहासूरज , विजय , शरद, कान्हा यादव (कप्तान) सुनील ,मनोहर, सनी , शेखर, लाला , आकाश ने उद्घाटन मैच में प्रतिभाग किया इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव प्रधान प्रेमचंद आदिवासी प्रधान पुत्र ओमप्रकाश आदिवासी एडवोकेट जितेंद्र शुक्ला राजेश निषाद कृष्णा यादव शरद यादव से राम सागर यादव मानिकचंद यादव अंबुजा सतीश चंद केसरवानी तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने भाग लिया और वहीं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### संगम मार्डन पब्लिक स्कूल नैनी परिसर में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न, रमेश कुमार अध्यक्ष, शशि शर्मा चुने गए सचिव



**नैनी।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था संगम एजुकेशनल समिति, चक रघुनाथ, नैनी के पदाधिकारियो का 29 जनवरी को खुली बैठक में चुनाव हुआ। जिसमें रमेश कुमार शर्मा को अध्यक्ष, बाबूराम तिवारी उपाध्यक्ष, शशि शर्मा को प्रबंधक सचिव चुना गया। राजेंद्र तिवारी, अनिल पांडेय, रविन्द्र कुमार शर्मा और राकेश शर्मा को सदस्य चुना गया। सहायक निबंधक एवम् चुनाव अधिकारी फर्म्स, सोसाइटीज एवम चिट्स प्रयागराज संजय कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव की पूरी प्रक्रिया आज ही पूरी की गई है। निर्वाचन के बाद सभी पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर बधाई दी गई। संस्था की ओर से संचालित संगम मार्डन पब्लिक स्कूल नैनी परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों को संस्था के प्रति पूरी निष्ठा एवम् ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन की शोथ दिलाई गई। इस दौरान रविंद्र शर्मा उर्फ डब्बल गुरु ने बताया कि चुने गए पदाधिकारियों को उनका दायित्व सौप दिया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि सभी लोग संस्था की नीव मजबूत करने की शपथ ली है। हम अपनी संस्था की ओर से संचालित सभी शिक्षण एवम् गैर शिक्षण संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए कृत संकल्प है।

### पीएमकेवाई के बच्चो ने किया हुनर का प्रदर्शन



**नैनी।** जसरा स्थित प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र पर शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सेंटर मैनेजर अनुराग पाण्डेय, डायरेक्टर संजय पांडेय, यशिकांत मिश्र, आईटी ट्रेनर निहारिका त्रिपाठी, पेटर्न मास्टर ट्रेनर प्रियंका शर्मा, आलोक साहू आदि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के थर्ड बैच की छात्राएं मनोरमा, आरती पटेल एवं वंदना रजक ने सरस्वती वंदना की। अर्चना, दीक्षा, ज्योति, अर्चना देवी आदि ने अनपढ़ बीवी शीर्षक का नाटक प्रस्तुत किया और सपना प्रिया द्विवेदी शिवानी द्विवेदी आदि छात्राओं ने नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहा मौजूद लोगों ने बच्चो का उत्साहवर्धन किया।

### आधारशिला बुद्धा आश्रम में जिला अपराध निरोधक समिति की तरफ से सुंदरकांड हुआ



**नैनी।** आधारशिला बुद्धा आश्रम में जिला अपराध निरोधक समिति एवम श्रीराम टूर एंड ट्रेवल्स की ओर से सुंदरकांड का कार्यक्रम महादेव आफिशियल टीम के द्वारा आधारशिला सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास संस्थान में आयोजित किया गया जिसमें कई भक्तजन सम्मिलित हुए। सुंदरकांड भक्त मंडली से गायक विकास विश्वकर्मा और भूपेश द्विवेदी आशीष ढोलक ऋषभ गौर सुनीता विश्वकर्मा, और जिला अपराध निरोधक समिति यूथ टीम के अधिकारी कुलदीप धर, प्रशान्त सिंह मनीष विश्वकर्मा पंकज तिवारी, बंसराज पाल सुजीत गौतम आशीष पांडेय संदीप चंद्र श्रीवास्तव संजीव सिंह, क्याम उद्दीन, फैजान रजा, राम कुमार पाल आदि सदस्यगण उपस्थित हुए। आधारशीला आश्रम के प्रबन्धक श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव भी पूरे सुंदरकांड में उपस्थित रहे और उनकी टीम सेवा में लगी थी जिसमें आश्रम के परिवार के बुजुर्ग सदस्य लोग सुंदरकांड का आशीर्वाद स्वरूप अन्त तक कार्यक्रम में भागीदारी बनाए रहे। इस आयोजन को कराने के बाद पूरा आधारशीला आश्रम भगवान के भजन से धन्य धन्य हो गया और सभी लोगों को प्रसाद के फलस्वरुप पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर, प्रसाद,फूल माला से पुजारियों, अधिकारीगणों एवम आश्रम के सभी लोगों को माला पहनाकर प्रसाद के साथ विदाई कराया गया।

### गणतंत्र दिवस पर्व पर जिला अपराध निरोधक समिति के सदस्यों ने पुलिस प्रशाशन का किया सहयोग

**नैनी।** बसंत पंचमी के स्नान पर्व पर जिला अपराध निरोधक समिति के सैकड़ो स्वयंसेवकों द्वारा सम्पूर्ण मेला क्षेत्र संगम नोज, गंगा घाटों,पालटून पुलों , हनुमान मंदिर, अरैल ,झूँसी बसअड्डों एवम रेलवे स्टेशनो पर आए हुए श्रद्धालुओं एवम स्नानार्थियों की मुस्तैदी से सेवा में लगे रहे। स्वयं सेवकों द्वारा मेले में दर्जनों भूले भटके लोगों को उनके परिजनों से मिलवाया एवम कुछ डूबते हुए स्नानार्थियों को जल पुलिस की मदद से बचाया । इसी सेवा में मोबाइल टीमें कुलदीप धर सर जी के नेतृत्व में विशाल श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह रोहित सिंह प्रियंका पराशर, सुनीता मिश्रा, विपिन कुशवाहा और मनीष विश्वकर्मा यातायात को निरन्तर रखने में प्रशासन के साथ मिलकर सहयोग में लगी रही अपने सदस्यों के साथ यूथ टीम नैनी से यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा नेतृत्व पर सदस्यगण लगे रहे जिसमें क्षेत्रीय कमेटी प्रभारी वंशराज पाल, अभिषेक मिश्रा,अंकुश कुमार, सोहनलाल पांडेय, राम कुमार पाल, राजेश कुमार आदि सदस्यगण उपस्थित थे दूसरी और *केन्द्रीय कमेटी से पदाधिकारी एवं सदस्यगण लगे रहे जिसमें पंकज कुमार गुप्ता दिनेश कुमार राकेश केसरवानी, संतोष कुमार गुप्ता अजय कुमार रघुवंशी, प्रेमचन्द स्वर्णकार, मनीष,ऋषिराज निषाद राजा भैया निषाद कयामुद्दीन सरोज चौधरी विभा चौधरी विनोद स्वर्णकार हर विन्दर सिंह आतिश कुमार यादव वकार अंसारी मीरा सिन्हा राकेश शर्मा आदि टीम गण इस सेवा में मौसम खराब होने के बावजूद भी उपस्थित रहे है और आगे भी गंगा स्नान पर्व के मौके पर जिला अपराध निरोधक समिति की टीम अपनी सेवा प्रशासन के साथ मिलकर सेवा आगे भी देती रहेगी।

### जगौती विद्यालय में छात्राओं ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**करछना।** श्रीमती इंदिरा गांधी विद्यालय जगौती में झण्डा रोहण विद्यालय के प्रबंधक डा दिनेश कुमार सोनी ने किया इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए बच्चों के कार्य क्रम ने सब का मन मोह लिया पध्रानाचार्य वह अध्यापकों द्वारा गणतंत्र दिवस पर व आजादी के अमर सपूतों की अनेक गाथाएं विस्तार से बताई गई इस अवसर पर डॉ दिनेश कुमार सोनी अरुण कुमार मिश्र राम मणि द्विवेदी आनन्द पटवा रंजना विश्व कर्मा सिखा पाण्डेय खुशबू मौर्य पवनेश कुमार सोनी रिया मिश्र व विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

### बसंत पंचमी पर सरस्वती प्रतिमा का पूजन अर्चन किया गया

**जंघई।** विगत 5 वर्षो की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के अवसर पर चौरा माता मंदिर भोगीपुर जंघई में सरस्वती प्रतिमा का पूजन अर्चन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पांच साल पूर्व समाजसेवी दिनेश लालचंद ऊमरवैश्य ने किया था जिसका उद्देश्य शिक्षा को आध्यात्मिक दिशा मिले और शिक्षा को बढ़ावा मिले।दिनेश उमरवैश्य नई नई पहल के लिए जाने जाते हैं और मुंबई से चलकर जंघई आते हैं ताकि गांव में समाज हित मे कुछ नया हो ऐसी विचार धारा लेकर चलते हैं। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर प्रवीन तिवारी ने किया सभी ने अपना अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बच्चों को पेन, पेंसिल नोटबुक देकर उन्हें उत्साहित किया गया। जनकल्याण सेवा संघ भोगीपुर के सभी सदस्य कार्यक्रम में शामिल रहे।इस अवसर पर रोहित ब्राह्मण, कमलेश पांडेय, श्रीनाथ शर्मा, संदीप पांडेय, अशोक तिवारी, रतन मिश्र, रामचन्द्र जायसवाल, विशाल तिवारी, सुमित तिवारी, इलू तिवारी, कन्हैया ऊमरवैश्य गुलाब गुप्ता, सुनील गौड़ मौजूद रहे। जनकल्याण सेवा संघ के संस्थापक रोहित तिवारी ने दिनेश उमरवैश्य को कार्यक्रम के पांच साल होने पर शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### अवंतिका कालोनी मे नही लगती झाडू, कूड़ा गाड़ी

**नैनी।** नैनी अवंतिका कॉलोनी की सफाई व कूड़ा की नियामित व्यवस्था न होने से नागरिकों को भारी कटिनाइयों का सामना पड़ रहा है। नगर निगम मे नियुक्त कर्मचारी व अधिकारियों की लापरवाही एवं ठेकेदारो की मनमानी के कारण न तो नियमित झाड़ू लग रहा है, न ही कूड़ा निस्तारण का कार्य नियमित रूप से हो रहा है। जिसको लेकर अवंतिका वासियों में घोर असंतोष व्याप्त है। बताया जाता है कि नगर निगम द्वारा सफाई व कूड़ा उठाने हेतु किसी प्राइवेट फर्म को अनुबंधित किया गया है, परंतु ठेकेदार की अनियमितता की वजह से गलियों में महीनों झाड़ू लगाने वाले सफाई कर्मी नही दिखते मात्र कुछ मुख्य सड़कों तक सीमित रहते हैं। कूड़ा गाड़ी भी नियमित नही आती, जिससे लोगों को कई कई दिनों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। ऐसे में ठेकेदार द्वारा सफाई शुल्क देने से नागरिक हिचक रहे हैं क्योंकि अभी तक जिन लोगों द्वारा निजी सफाई कर्मी लगाकर झाड़ू व कूड़ा निस्तारण का कार्य कराया जा रहा है।

# बैंकिंग की आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया जागरूकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** उत्तर प्रदेश जनपद प्रयागराज के ग्रामीण इलाके के रावतपुर में स्थित एचडीएफसी बैंक के उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर ब्रांच मैनेजर संदीप त्रिपाठी के नेतृत्व में ब्लॉक भगवत पुर के ग्राम बिसौना इलाके में बैंक कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान, इस दौरान ब्रांच मैनेजर संदीप त्रिपाठी ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा देश में साइबर सुरक्षा परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और लगातार उभरते खतरों से बचाव के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच मजबूत सहयोग की आवश्यकता बढ़ रही है। लोगों को भ्रमित कर लिंक व ओटीपी के जरिए जालसाजी के मामले चिंताजनक हैं। बैंक कभी किसी से व्यक्तिगत जानकारी नहीं मांगता। बैंक के अन्य लाभकारी योजनाओं का गोल्ड लोन जैसी जानकारियां के बारे में ग्रामीणों को बताई गई। एचडीएफसी बैंक द्वारा सम्मानित किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। सम्मान पाने वालों में लगभग 20 किसान शामिल रहे। बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम के बारे में ग्राम प्रधान राम कैलाश यादव ने बताया कि बैंक का उद्देश्य सभी प्रकार की धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस तरीके का कार्यक्रम हमारे गांव में पहली बार हुआ। इस दौरान नितिन जैन (क्लस्टर हेड) वाईस प्रेजिडेंट, संदीप त्रिपाठी (ब्रांच मैनेजर ) कमलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव (डिप्टी मैनेजर ), मोहम्मद सकिब ( टैलर ), अभिषेक मिश्रा (सेल्स ऑफिसर ), पियूष कुमार सिंह ( एम इ ) तकी हैदर (टी डब्लू एल), दीपक कुमार ( सेल्स ऑफिसर ) कमल पाण्डेय, श्वेतंक, सुमित श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### मझियारी प्रधान मनरेगा के नाम पर कर रहे अवैध वसूली

#### विरोध करने पर गिरी रोजगार सेवक पर गाज

**लालापुर।** क्षेत्र के मझियारी गांव मे मनरेगा के नाम पर बिना काम किये ही लोगों के खाते मे पैसा लगा दिया जाता है और फिर प्रधान द्वारा लोगों के खाते से पैसा निकाल लिया जाता है इस कार्य मे ब्लॉक प्रशासन भी पूरी तरह से मिला हुआ है। प्रधान की इच्छा अनुसार कार्य न करने के कारण रोजगार सेवक अखिलेश पाण्डेय का मानदेय रोक दिया गया और ब्लॉक द्वारा नोटिस जारी किया गया की आप कार्य नहीं करते ना ही ब्लॉक की मीटिंग अटेंड करते हो कारण बताओ। अखिलेश पाण्डेय ने अपना पक्ष रखते हुए कहा की ग्राम पंचायत और विकास खंड द्वारा उनपर भ्रष्टाचार का दबाव बनाया जा रहा है। पंचायत द्वारा आवास के नाम पर वसूली हो रही है। फर्जी शौचालय के नाम पर घूस लेकर कार्य करवाया जा रहा है ऐसा न करने के कारण रोजगार सेवक को कोई काम बताया नहीं जाता है। एमबी बनाकर पैसा पास करवा लिया जाता है उन्हें किसी काम के बारे मे कुछ नहीं बताया जाता। रोजगार सेवक ने बताया की वास्तविक मजदूर 40 - 50 लोग ही हैं लेकिन प्रधान द्वारा अलग अलग लोगों के खाते मे पैसा लगवाकर निकाल लिया जाता है। ब्लॉक की मीटिंग मे ना पहुंचने का कारण जब अखिलेश पाण्डेय ने स्पष्ट कहा की कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनील सिंह ने विकास खंड के मनरेगा ग्रुप से उन्हें बाहर कर दिया हैं जिससे उन्हें कोई सूचना मिल नहीं पाती । जिला प्रशासन को पत्र भेजनें के बावजूद भी उनको कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

# मन की बात के जरिये पीएम ने देशवासियो को किया सम्बोधित

### कटरा दयाराम गांव में मन की बात कार्यक्रम को सुनने जुटी भीड़



**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए रविवार को सन 2023 में पहली बार और अब तक का 97 वा मन की बात कार्यक्रम से देशवासियो को संबोथित कर चुके हैं पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर चर्चा किये । मऊआइमा के कटरा दयाराम गांव स्थित राहुल ठाकुर के आवास पर रविवार को मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस का लाइव प्रसारण देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणो की भीड़ लगी रही।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम एल सी निर्मला पासवान रहीं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शारदा प्रसाद शुक्ल, गंगापार के आई टी सेल संयोजक निमिष खत्री ,शक्ति केंद्र संयोजक राहुल ठाकुर ,मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ,शिवम सिंह ,सतीश चंद्र सरोज , मोहम्मद आलम सलमानी ,आरिफ वसीम सिद्दीकी , अबू तलाह अंसारी, साजिद अंसारी , संजय पटेल, सुरेश मिश्रा ,पूर्व प्रधान कटरा दयाराम, राजेश गौतम, मंडल अध्यक्ष बहरिया बसंत लाल पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

## जसरा क्षेत्र में लोगों ने सुनी पीएम के मन की बात



**जसरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 रविवार के पहले दिन व मन की बात कार्यक्रम के दूसरें संस्करण के 97 वें एपिसोड़ के माध्यम से देश को सम्बोधित किए। मन की बात कार्यक्रम को यमुनापार के जसरा पांडर बूथ सख्यां 104 पर मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ला की अध्यक्षता में सुना गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मन की बात के जिला संयोजक व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी के साथ दर्जनों ग्रामीण कार्यकताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को सुना। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहाँ उत्तर से दक्षिण तक और पूर्व से पश्चिम तक, देश-भर में त्योहारों की चर्चा की,वहीं गणतन्त्र दिवस समारोह की हो रही प्रशंसा व जैसलमेर से पुल्कित व कानपुर से जया के पत्रो में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल झांकियों में भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं, आदिवासी समुदाय के कई लोगों के पद्म पुरस्कार की चर्चा के साथ कहा भारत लोक तंत्र की जननी है। लोकतंत्र हमारी रगों में बसता है। वहीं मन की बात सुनने के बाद बूथ समितियों के कार्यकताओं संग बैठक करने के बाद मुख्य वक्ता जिला कार्यक्रम संयोजक दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम देशवासियों के लिए प्रेरणादायी व देश को मजबूती देने वाला है। अब हमारे देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोकप्रियता के चरम पर पहुंच लोगों को कुछ देश समाज के लिए कर गुजरने का प्रेरणा देता है। श्री चतुर्वेदी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात में कोई राजनीतिक चर्चाएं नहीं करते। केवल जन-जन को देश के विकास में सहभागी बनाने का प्रेरणा देते है। मंडल अध्यक्ष जगत शुक्ला ने सभी का आभार जताते हुए कहा मोदी की प्रेरणा देश को विश्वगुरु बनाने की ओर प्रेरित कार्यक्रम है। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता व सहकारिता प्रकोष्ठ के डाइरेक्टर चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, अनूसूचित मोर्चा जिला मंत्री व ग्राम प्रधान जसरा आशीष सोनकर, ग्राम प्रधान पांड़र सुरेन्द्र सोनकर, अतुल गुप्ता,एसके द्विवेदी, संतोष,आशू त्रिपाठी,ओम प्रकाश शर्मा, कमलेश कुमार, अनिल कुमार,ननकऊ तिवारी, सुनील त्रिपाठी, संतोष गौतम, कमलेश गौतम,शिवम तिवारी, वेदप्रकाश शर्मा, अनूप त्रिपाठी,राम केसरवानी,दीप चंद्र गुप्ता आदि रहे। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि यमुनापार जिले में 812 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें यमुनापार के कुल 1558 बूथो पर कार्यक्रम आयोजित होने थे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस के नाक के नीचे से रेस्टोरेंट्स पर लगे सोलर पैनल का प्लेट खोल ले गए चोर

**करछना।** थाना के भीरपुर रिपोर्टिंग पुलिस चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित रेस्टोरेंट की दुकान पर लगे सोलर पैनल की प्लेट खोल ले गए चोर। सुबह घटना की जानकारी होने पर फैली सनसनी । जानकारी के मुताबिक बगार घोड़ेडीह गांव निवासी अंकित कुमार पुत्र रामबाबू ने भीरपुर पुलिस चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर रेस्टोरेंट की दुकान खोल रखी है। शनिवार की रात रोजाना की तरह दस बजे के करीब दुकान को बंद कर घर के लिए चला गया । उसी दरमियान देर रात चोरों ने दुकान पर लगे सोलर पैनल की चार प्लेट खोलकर उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर लोगों में सनसनी फैल गई। मामले को लेकर भुक्तभोगी द्वारा डायल 112 व भीरपुर चौकी पर पहुंचकर शिकायत किया है।

# एमएलसी चुनाव : आज होगी वोटिंग
## 36 मतदान केन्द्रों पर 16 हजार से अधिक मतदाता डालेंगे वोट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद-झांसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव सोमवार को होगा। इसके लिए रविवार शाम को जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना की। संगम सभागार में मतदान सकुशल संपन्न कराने के लिए उन्होंने मतदान कर्मियों को निर्देशित किया। मतदान के लिए जनपद में कुल 36 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। शहरी क्षेत्र में कुल 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहीं 21 ब्लॉक में मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां 16 हजार से ज्यादा मतदाता मतदान करेंगे। एडीएम प्रशासन हर्षदेव पांडेय ने बताया कि मतदान की पूरी तैयारी की जा चुकी है। मतदान स्थल के 109 मीटर की परिधि में फोन, कार्डलेस, फोन, वायरलेस आदि का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।



### मतदान के लिए मिलेगी छुट्टी

एमएलसी चुनाव में मतदान करने के लिए शिक्षकों को सोमवार को आकस्मिक अवकाश मिलेगा। एडीएम प्रशासन हर्षदेव पांडेय ने बताया कि मतदाता सूची में शामिल शिक्षकों को ही आकस्मिक अवकाश मिलेगा। इस बाबत आदेश जारी कर दिया गया है। मतगणना दो फरवरी को होना प्रस्तावित है जो झांसी में होना है। यहां से बैलेट बाक्स झांसी भेज दिया जाएगा।

### 10 प्रत्याशी हैं मैदान में

बाबूलाल तिवारी, एसपी सिंह पटेल, अशोक कुमार राठौर, इमरान अहमद, उपेंद्र कुमार वर्मा, जगदीश प्रसाद व्यास, डॉ.प्रेम चंद्र यादव, लालमणि द्विवेदी, सुरेश कुमार त्रिपाठी, डॉ. हरिओम।

### संत सम्मेलन में गंगा निर्मलीकरण का उठा मुद्दा, जनसंख्या नियंत्रण, गोवंश की रक्षा पर भी चर्चा

**प्रयागराज।** माघ मेला के सेक्टर पांच स्थित आचार्यबाड़ा रामानुजनगर में रविवार को हुए संत सम्मेलन में गोवंश का रक्षा, गंगा निर्मलीकरण के साथ ही जनसंख्या नियंत्रण का मुद्दा उठाया गया। इस दौरान गंगा को निर्मल बनाने के लिए साधु-संतों की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया गया।संतों ने एक स्वर से कहा कि केंद्र सरकार को भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने के लिए कदम उठाने चाहिए। गंगोली शिवाला मार्ग अन्नपूर्णा चौराहा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर अलोपीबाग के शिविर में बैकुंठवासी स्वामी गोविंद रामानुजाचार्य गोकणार्चार्य की 29वीं पुण्यतिथि पर हुए संत सम्मेलन में राष्ट्रीय मुद्दों पर चिंतन किया गया। खास तौर से गंगा, गोवंश पर विस्तार से चर्चा की गई।रामानुज प्रबंध समिति आचार्यबाड़ा के कोषाध्यक्ष जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य के सानिध्य में हुए इस संत सम्मेलन में गोवंश की रक्षा, जनसंख्या नियंत्रण, धर्मांतरण,समान नागरिक संहिता,देश के भविष्य युवाओं में मादक पदार्थों के प्रति जागरूकता अभियान जैसे गंभीर मुद्दों पर केंद्र व प्रदेश सरकारों का ध्यान खींचा गया। घनश्यामाचार्य ने कहा कि गंगा देश की प्रधान नाड़ी है। इसे कमजोर करने से होने वाली क्षति की भरपाई नहीं की जा सकेगी। अध्यक्षता टीकरमाफी मठ के महंत स्वामी हरिचैतन्य ब्रम्हचारी जी ने किया। इस मौके पर जगदगुरु रामानुजाचार्य विद्या भास्कर, श्रीधराचार्य, रामेश्वराचार्य, स्वामी चक्रपाणि जी महाराज, स्वामी अच्युत प्रपन्नाचार्य, ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी,स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य, स्वामी कुरेशाचार्य, कौशल प्रपन्न स्वामी राजारामाचार्य समेत कई साधु-संत उपस्थित थे।

# परदेस से लौट रहा युवक फांसी के फंदे पर झूल कर की आत्महत्या

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के शिवपुर छड़गड़ा गांव में परदेस घर लौट रहा युवक घर पहुंचने से पहले ही 500 मीटर दूर स्थित एक पेड़ से फांसी के फंदे झूल गया। जानकारी के मुताबिक शिव मूर्ति उर्फ लाला सिंह पुत्र छोटेलाल सिंह निवासी शिवपुर छड़गड़ा थाना कोरांव अहमदाबाद में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। जो शनिवार को अपने घर लौट रहा था अभी वह अपने घर भी नहीं पहुंचा था कि घर से तकरीबन 500 मीटर दूर स्थित एक पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली। सुबह जब ग्रामीणों ने पेड़ से लटकता शव देखा तो गांव के ही रहने वाले शिव मूर्ति के रूप में शिनाख्त की। शिव मूर्ति उर्फ लाला सिंह के बड़े भाई प्रमोद सिंह ने भी बीते अक्टूबर माह में घर से थोड़ी ही दूर पर स्थित एक चेरुल के पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। बड़े भाई प्रमोद की शादी हो

### चार माह पूर्व बड़ा भाई भी फांसी के फंदे पर झूलकर दी थी जान

गई थी जबकि अभी लाला सिंह की शादी भी नहीं हुई है। मृतक लाला सिंह चार भाइयों में सबसे छोटा था। शिवपुर छड़गड़ा गांव के बाद मिजार्पुर का क्षेत्र लगने लगता है। बॉर्डर क्षेत्र पर ही शिवपुर गांव स्थित है। जिस स्थल पर लाला सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या की वह स्थल मिजार्पुर जनपद के हलिया थाना क्षेत्र में आता है। सूचना पर मिजार्पुर के हलिया व कोरांव पुलिस पहुंच गई। घटना स्थल मिजार्पुर का होने के कारण मिजार्पुर हलिया की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही के लिए भेज दिया। इस बाबत चौकी प्रभारी रामगढ़ गौरव कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना मिजार्पुर क्षेत्र की होने के कारण हलिया पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और विधिक कार्यवाही की गई।

# बहुजन बाहुल्य बस्तियों में प्रबुद्ध पाठशाला खोलने का बुद्धिजीवियों ने किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रबंधक/सचिव उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज द्वारा गणतंत्र दिवस की 74 वीं वर्षगांठ पर यमुनापार की तहसील बारा के अन्तर्गत आने वाला थाना घूरपुर की ग्रामसभा दौना में प्रबुद्ध फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रबुद्ध पाठशाला की स्थापना पर उपस्थित सैकड़ो बच्चों और उनके अभिभावकों को एक ओर जहां देश की आजादी और गणतंत्र दिवस के विषय मे विस्तार से बताया तो वही दूसरी ओर बहुजन साहित्य, कला और संस्कृति के साथ बहुजन रंगमंच के विकास, संरक्षण, संवर्धन और उसके पुनर्स्थापत्य के साथ बहुजन समाज के बच्चों के शैक्षिक विकास हेतु प्रत्येक बहुजन बाहुल्य बस्तियों में प्रबुद्ध पाठशाला खोले जाने का निर्णय लिया है। प्रबुद्ध पाठशाला में बहुजन समाज के सात से सत्रह आयु वर्ग यानी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास व बहुजन साहित्य, कला और संस्कृति के साथ-साथ बहुजन रंगमंच के पुनर्स्थापत्य की दिशा में प्रत्येक बच्चों को रूबरू कराया जाएगा। प्रबुद्ध पाठशाला की कक्षाये प्रत्येक रविवार को दोपहर 12:00 से अपराहन 3:00 बजे तक चलेगी साथ ही साथ बहुजन बाहुल्य बस्तियों के समर्पित बुद्धिजीवी यदि चाहें तो यह पाठशाला प्रतिदिन अपराहन 4:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक भी चलाई जा सकती है। आईपी रामबृज ने बताया की प्रबुद्ध पाठशाला में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक बालक व बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु उन्हें योगा, पीटी व उनके सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमो में नृत्य, नाटक व गायन की विविध कला रूपो के विषय मे प्रशिक्षित कराकर अनेकों प्रस्तुतिपरक गतिविधियां कराई जाएंगी। सभी बच्चों को बहुजन समाज के महापुरुषों के जीवन से भी रूबरू कराया जाएगा और बहुजन महापुरुषों के जीवन पर आधारित नृत्य, नाटक और गायन की विविध कला रूपों में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत बच्चों को गांव से लेकर शहर तक सम्मानजनक मंच या प्रेक्षागृह में प्रस्तुतियां कराई जाएंगी। निश्चित ही आज बहुजन बाहुल्य बस्तियों में सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों का बीजारोपण प्रबुद्ध पाठशाला के द्वारा किया जा रहा है और आने वाले पचास वर्षो में बहुजन समाज के राजनैतिक परिदृश्य में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। रंग बिरंगी भारतीय संस्कृति में बहुजन समाज का अपनी भी सांस्कृतिक विरासत देखने को मिलेगी।




### वरिष्ठ एलआईसी एजेंट का हृदय गति रुकने से हुई मौत

**सोरांव।** इलाके के हथिगहां निवासी वरिष्ठ एलआईसी एजेंट व सीएम क्लब मेंबर राज नारायण मौर्य पुत्र लल्लू राम मौर्य का शनिवार को लखनऊ अपोलो हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हृदय गति रुकने से देहांत हो गया। जिससे परिवार में मातम छाया हुआ है। हालांकि मृतक का रसूलाबाद घाट पर रविवार को परिवार व मित्रगणों की उपस्थिति में दाह संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार राज मेडिकेयर सेंटर के संचालक (नाक कान गला) रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर अजीत मौर्य के पिता राज नारायण मौर्य का अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ में लंबी बीमारी से जूझते हुए लगभग ढाई महीने से भर्ती हुए थे। हालांकि सब कुछ ठीक हो गया था लेकिन अचानक शनिवार को हृदय गति रुकने से उनका देहांत हो गया। मृतक 74 वर्ष के रहे। जिससे शोकाकुल परिवार सीता देवी मौर्य, व स्वास्थ शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश मौर्य,सूर्य प्रकाश ( सीपीएच) तथा इंजीनियर आनंद प्रकाश (एनटीपीसी) संग मित्र न्यू लाइफ केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर उदय पटेल, डॉक्टर बृजेश पटेल सर्जन डॉ शिवकुमार सर्जन डॉक्टर स्वैब खान नाक कान गला रोग सर्जन, डॉ अरविंद,डॉक्टर अनिल (अंशिका डायग्नोस्टिक सेंटर) पवन पाल ( स्टेनो शिक्षा विभाग) एलआईसी एजेंट लालचंद्र पटेल संग विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्या, राजेश कुमार एडवोकेट ने परिवार को सहन शक्ति व मृतक की आत्मा को शांति की दुआ मांगी।

# अब तक 2314 अभ्यर्थियों का टूट चुका है रेलवे में नौकरी का सपना

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ (आरआरसी) प्रयागराज की नॉन टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी (एनटीपीसी) के लेवल वन (पूर्व में पद नाम ग्रुप डी) की शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) से अब तक तकरीबन दो हजार अभ्यर्थी बाहर हो गए हैं। जो अभ्यर्थी बाहर हुए हैं उसमें से 90 फीसदी से ज्यादा अभ्यर्थी ऐसे हैं, जो एक किमी की दौड़ सवा चार मिनट में पूरी नहीं कर सके हैं। आरआरसी अफसर हैरत में हैं। क्योंकि इसके पूर्व की परीक्षाओं में कभी भी इतनी संख्या में दौड़ से अभ्यर्थी बाहर नहीं हुए हैं।रविवार को भी डीएसए ग्राउंड में 1500 अभ्यर्थियों को पीईटी के लिए बुलाया गया। इस दौरान 1328 अभ्यर्थी ही वहां पीईटी के लिए पहुंचे। 35 किग्रा वजन का बोरा उठाकर 100 मीटर की दूरी तकरीबन सभी अभ्यर्थियों ने पूरी की, लेकिन एक किमी की दौड़ सवा चार मिनट में तमाम अभ्यर्थी पूरा नहीं कर सके। इस वजह से कुल 364 अभ्यर्थी नौकरी की रेस से बाहर हो गए, जबकि 1028 अगले चरण के लिए क्वालीफाई हो गए। इसके पूर्व शनिवार 28 जनवरी को भी 269 अभ्यर्थी परीक्षा से बाहर हो गए थे।

फिलहाल अब तक कुल 2314 अभ्यर्थियों का रेलवे में नौकरी का सपना टूट चुका है। अब इन अभ्यर्थियों को अगली भर्ती का इंतजार करना होगा। बता दें कि ग्रुप डी के 4700 पदों के लिए आयोजित पीईटी में 13202 अभ्यर्थियों को शामिल होना है। पीईटी में सफल अभ्यर्थी ही शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन के लिए 15 फरवरी से बुलाए जाएंगे। पीईटी का आयोजन एक फरवरी तक होना है। अंतिम दिन महिला अभ्यर्थियों की पीईटी होगी।





### प्रभु श्रीराम पर टिप्पणी करने वाले अनाड़ी और मूर्ख : मनोज तिवारी

**प्रयागराज।** बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर के बाद सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की ओर से रामचरित मानस पर दिए गए बयान पर उठा तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को भाजपा सांसद एवं भोजपुरी फिल्म अभिनेता मनोज तिवारी ने कहा कि प्रभु श्रीराम पर टिप्पणी करने वाले अनाड़ी और मूर्ख हैं। प्रभु उनको सद्बुद्धि प्रदान करें। माघ मेला में अखिल भारतीय धर्म संघ के शिविर में युवा चेतना की ओर से आयोजित सबके राम विषयक व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि मनोज तिवारी ने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि आजकल एक नेता हैं, जो राम जी पर ही हमलावर हैं। उनकी मति मारी गई है। उन्होंने बताया कि वह 1992 से लगातार माघ मेला में आते रहे हैं और जीवन भर यहां हाजिरी लगाते रहेंगे। उन्होंने बताया कि स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी और युवा चेतना के संयोजक रोहित सिंह से उनका व्यक्तिगत रिश्ता है। उनका कहना था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत का साक्षी बनकर गर्व का अनुभव होता है। इस दौर में पूरी दुनिया पीएम मोदी के नेतृत्व को स्वीकार रही है। जी -20 की अध्यक्षता भारत कर रहा है। इससे स्वर्णिम समय क्या होगा। इससे पहले स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती,स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी,अभिनेता मनोज तिवारी,युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह,जनतांत्रिक विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर व्याख्यान का शुभारंभ किया। स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि प्रभु राम के जीवन आदर्श अनुकरणीय हैं। उन पर किसी भी व्यक्ति को टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा कि प्रभु राम का जीवन त्याग और तपस्या का रहा है। युवा पीढ़ी को उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए।स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा कि हताशा में कुछ लोग प्रभु राम और रामचरितमानस पर बयान दे रहे हैं।

# प्रयागराज जंक्शन पर धरा गया अंतर्जनपदीय डकैतो का गिरोह

अखंड भारत संदेश

### महिला का जेवर उड़ाना पड़ गया मंहगा, पुलिस ने सरगना समेत आधा दर्जन को दबोचा




**प्रयागराज।** नगर के शाहगंज कोतवाली पुलिस ने रविवार को आधा दर्जन अंतरजनपदीय डकैतों को गिरफ्तार किया। यह गिरोह डकैती के साथ टप्पेबाजी और चोरी भी कृत है। इनके पास से करीब पांच लाख के सोने चांदी के जेवरात, 22 हजार रुपए नकद, एक तमंचा, कारतूस, चाकू और दो सब्बल बरामद किए गए है।शाहगंज पुलिस के अनुसार 28 जनवरी को क्षेत्र के स्टेशन रोड निवासी रूपा केसरवानी रेलवे स्टेशन से ई-रिक्शा पर बैठकर अपनी रिश्तेदारी जा रही थी। रास्ते में ई-रिक्शा में बैठे कुछ व्यक्तियों ने लाल रंग का उसका पर्स उड़ा दिया। जिसमें 02 सोने की अंगूठी, 01 सोने की चेन, 01 सोने का लॉकेट था। उन्होंने शाहगंज पुलिस से शिकायत की। शाहगंज पुलिस ने वहा लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किया। उसके जरिए बदमाशों की शिनाख्त हो गई। दिनेश पुत्र स्व. मधूपाल निवासी सन्तनगर, लाईनपार, फिरोजाबाद, सुरेन्द्र नाई निवासी स्तनगर, लाईनपार, फिरोजाबाद, नितिन अहेरिया निवासी सन्तनगर, लाईनपार, फिरोजाबाद, आकाश गुप्ता निवासी कन्हैया नगर, दक्षिण जिला, फिरोजाबाद, गौरव कुमार निवासी चन्द्रमारी गेट, श्याम नगर गली, लाईनपार फिरोजाबाद और भोलू उर्फ पवन निवासी कन्हैया नगर, दक्षिण जिलाफिरोजाबाद को रेलवे स्टेशन प्रयागराज जंक्शन के गेट नं एक के अन्दर निमार्णाधीन बिल्डिंग के पास से गिरफ्तार किया।

### अलग-अलग जनपदो में घूम-घूम कर करते हैं लूट

बदमाशों ने बताया कि यह लोग अलग-अलग जनपदो में घूम-घूम कर पब्लिक ट्रान्सपोर्ट ई-रिक्शा, टैम्पो आदि में बैठकर सवारियों के सामान की चोरी व कारों से टप्पेबाजी की घटना कारित करते हैं। इससे प्राप्त धन से अपनी जरूरतें व शौक पूरा करते हैं। थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि इनका सरगना दिनेश है। गिरोह के सभी सदस्यों पर गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, फिरोजाबाद समेत आधा दर्जन जिलों में 14 एफ आई आर दर्ज है।

### दो महीने पहले टप्पेबाजी करके कार से उड़ा दिए थे दो लाख

पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि इन लोगो ने करीब 02 महीने पहले अस्पताल के पास से एक कार से काले रंग का पर्स चोरी किया था। जिसमें 02 लाख रुपए नकद व 15 लाख 9 हजार 868 रुपए का बैंक आफ इंडिया सोनीपत का ड्राफ्ट था। उस सम्बन्ध में पीड़िता भारती शर्मा की तहरीर पर शाहगंज में मुकदमा दर्ज कराया। उनके पास लूट के पास 22,000 रुपए उसी चोरी के दो लाख रुपए में खर्च के बाद बचे रुपए हैं। 28 जनवरी को इन लोगों ने रेलवे स्टेशन से ई-रिक्शा पर बैठ कर जा रही एक महिला का पर्स चोरी किया था। जिसमें 02 सोने कीअंगूठी, 01 सोने की चेन, 01 सोने का लॉकेट प्राप्त हुआ था। इस सामान को यह लोग अभी बेंच नही पाये थे।

### नौहाख्वान सफदर अब्बास डेजी के मजलिस ए तरहीम व मजलिस चेहलुम में उमड़ा जनसैलाब

**प्रयागराज।** दरियाबाद की अन्जुमन हाशिमया के नौहाख्वान सफदर अब्बास डेजी का गत दिवस अल्पायु में निधन हो गया था।उनके जनाजे में भी शहर के सभी मातमी अन्जुमनो सहित बड़ी संख्या में ओलमाएकराम और शैदाइयों ने अन्तिम यात्रा में शिरकत की थी। अन्जुमन के प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अस्करी के मुताबिक शनिवार को रात में इमामबाड़ा अरब अली खां में मजलिस ए तरहीम का आयोजन किया गया जिसे देहली के मौलाना सैय्यद नजर मोहम्मद जैनबी ने खिताब किया तो अन्जुमन गुन्चा ए कासिमिया ने नौहा और मातम का नजराना पेश किया।नजीब इलाहाबादी की निजामत में मसीर्याख्वान मंजर अल हिन्दी ने सोजख्वानी की तो डाक्टर कमर आब्दी व डाक्टर नायाब बलियावी ने पेशख्वानी के फरायज अंजाम दिए।वहीं रविवार को मजलिस ए चेहलुम को मुजफ्फरपुर के मौलाना असद यावर साहब ने मजलिस को खिताब किया।रियाज मिर्जा व शुजा मिर्जा ने मसीर्याख्वानी की तो अनवार अब्बास ,बाबर नदीम व डाक्टर नायाब बलियावी ने ताज़ियती नज्म के साथ पेशख्वानी की।अन्जुमन हाशिमया के सदस्यों ने पुरदर्द नौहा पढ़ते हुए अपनी अन्जुमन के नौहाख्वान मरहूम डेजी के न रहने की कसक के साथ गमगीन और अश्रूपुरित आंखों से पुरसा पेश किया।नौहाख्वान शानदार ने खुसूसी नौहा पढ़ माहौल को संजीदा बना दिया।मजलिस में बड़ी संख्या में अकीदतमन्दों के साथ आलीमेदीन ,जाकिरीन शायर ,नौहाख्वान ,और शहर की विभिन्न मातमी अन्जुमनो के ओहदेदारों व सदस्यों ने शिरकत की।





# स्वर्वेद का आचरण मनुष्य को देवत्व में स्थापित कर देता है : विज्ञानदेव

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** अध्यात्म मानव जीवन की अपरिहार्य आवश्यकता है। इसके द्वारा हमारे जीवन का संपूर्ण विकास होता है। विहंगम योग का सैद्धान्तिक सद्ग्रन्थ स्वर्वेद अध्यात्म जगत की एक अन्यतम कृति है। यह हमारी आध्यात्मिक यात्रा को सदैव जागृत रखता है। उक्त बातें विहंगम योग के संत प्रवर विज्ञान देव महाराज सदफलदेव महाराज के पांच दिवसीय निर्वाण दिवस के चौथे दिन साधको को संबोधित करते हुए कहा। संत प्रवर ने कहा कि स्वर्वेद का आचरण मनुष्य को देवत्व में स्थापित कर देता है। जब हम आत्म कल्याणकारी विचारों से अपने मन को भरते हैं तब हमारा मन शांत और स्थिर स्वभाव वाला बन जाता है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं। अच्छाइयां - बुराइयां सबके भीतर है। हमे दुर्बलताओं, कठिनाइयों से घबराना नहीं है। उन कठिनाइयों को दूर करने की जो प्रेरणा, जो शक्ति, जो सामर्थ्य है वह अध्यात्म के आलोक से, स्वर्वेद के स्वर से एक साधक को अवश्य ही प्राप्त होता है। क्योंकि हमारे भीतर अंतरात्मा रूप से परमात्मा ही तो स्थित है। इसके पूर्व प्रातः 7 से 9 बजे तक शारीरिक आरोग्यता के निमित्त आसन प्राणायाम एवं ध्यान का सत्र संचालित हुआ। जिसमे हजारों योग साधक उदर विकार, मोटापा, मधुमेह, उच्चरक्तचाप, हाइपरटेंशन, अस्थमा आदि असाध्य रोगों से निजात पाने का गुर सीखे। जिसके बाद 2101 कुंडीय विश्वशांति वैदिक यज्ञानुष्ठान का शुभारंभ संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के कर कमलों द्वारा अ अंकित श्वेत ध्वजारोहण कर दीप प्रज्जवन के साथ हुआ। यज्ञानुरागियों ने व्यष्टिगत एवं समष्टिगत लाभ हेतु वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच यज्ञ कुंड में आहुतियों को प्रदान किये। यज्ञ के उपरांत मानव मन की शांति व आध्यात्मिक उत्थान के निमित्त ब्रह्मविद्या विहंगम योग के क्रियात्मक ज्ञान की दीक्षा आगत नए जिज्ञासुओं को दिया जा रहा है।

# मां शीतला वार्षिकोत्सव समारोह में सम्पन हुआ कलश यात्रा




अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** क्षेत्र के कुंवर पट्टी गांव स्थित सोना भवन में आयोजित 17वां मां शीतला वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन आध्यात्मिक व भक्ति रंग में सराबोर सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा वैदिक गुरुजनों के मार्गदर्शन में परवा गंगा तट के लिए प्रस्थान किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता/समाज सेवी इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया अपने भाइयों और डीजीएस ग्रुप टीम सहित इष्ट मित्रो के साथ किया। गौरतलब हो कि एक सप्ताह तक चलने वाले मां शीतला वार्षिकोत्सव समारोह में प्रतिदिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### बेदखली

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अब्दुल जौव्वाद पुत्र स्वर्गीय अब्दुल गफ्फार निवासी चकरावां खानजहानपुर लालगोपालगंज परगना नवाबगंज तहसील सोरांव जनपद प्रयागराज का निवासी हूं। मेरे पांच पुत्रों में एक पुत्र गुलफाम अहमद मेरे कहे सुने में नहीं है। जिससे मैं और मेरी पत्नी तरीकुन निशा असंतुष्ट एवं दुखी रहते हैं। मैं और मेरी पत्नी ने पूरे होश व हवास में अपने पुत्र गुलफाम अहमद को अपनी चल अचल तमाम तरह की संपत्ति से बेदखल करता हूं।

## परीक्षार्थी की बाइक हुई चोरी, केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्नातक परीक्षा देने आये विद्यार्थी की बाइक कालेज के समीप से चोरी हो जाने से हड़कम्प मच गया। जलेशरगंज क्षेत्र के मोठिन स्थित राजकली रमाशंकर शुक्ल महाविद्यालय में बीएससी की परीक्षा देने आये परीक्षार्थी की बाइक अज्ञात चोर उड़ा ले गये। पड़ोसी जिले रायबरेली के सलवन थाना क्षेत्र के अतरथरिया निवासी राजेश मिश्रा का पुत्र अभिराज बीती चैबीस जनवरी को महाविद्यालय में परीक्षा देने आया था। प्रथम पाली की परीक्षा होने के बाद अभिराज जब महाविद्यालय से बाहर निकला तो उसकी बाइक गायब मिली। पीड़ित ने पुलिस को घटना के बावत तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर लालगंज पुलिस ने शनिवार की रात अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया।

# जिला पंचायत सदस्य विजय बहादुर यादव क्षेत्रीय समस्याओं के प्रति हुए मुखर

### जिला पंचायत बोर्ड की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में जहां 4 अरब बीस करोड़ के वर्ष 2023-24 के अनुमानित बजट का प्रस्ताव सदस्यों ने पास किया, वहीं आसपुर देवसरा तृतीय के जिला पंचायत सदस्य विजय बहादुर यादव ने क्षेत्र की समस्याओं के प्रति मुखर हुए और जनमानस के क्षेत्रीय समस्याओं और मुद्दों को उठाते हुए सदन में बेबाकी से अपनी बात रखी।



पंचायत बोर्ड की बैठक में बोलते जिपं सदस्य विजय बहादुर।

आसपुर देवसरा ब्लॉक में ठेकेदारों की मनमानी तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा ग्राम पंचायत के प्रधान की उपेक्षा पर उन्होंने सवालिया निशान खड़ा किया और कहा कि हम लोकतंत्र के लिए खतरे की निशानी है। प्रधान अपना काम नहीं कर पा रहे हैं उन्होंने कहा कि आसपुर देवसरा पट्टी मंगरौरा और बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लाक के ग्राम प्रधानों का तो बहुत ही बुरा हाल है उन्हें अपने मनमाफिक प्रस्ताव से काम भी नहीं मिल रहा है । आवास की समस्या तो ऐसे बनी हुई है कि अपात्र लोगों को पात्र बना दिया जा रहा है तथा जो आवास के लिए राह देख रहे हैं उन्हें अपात्र घोषित किया जा रहा है। गांव स्तर के विकास कार्यों के लिए सदन में मनरेगा श्रम के लिए 233.57 करोड पुनरीक्षित बजट 85.58 करोड मूल बजट 65.86 करोड और पंचम व 15वे वित्त से होने वाले विकास कार्यो के लिए 35 करोड़ का अनुमानित बजट को सदस्यों ने स्वीकृति दी।

# एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा ने नगर पालिका के प्रशासक का कार्यभार संभाला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह का कार्यकाल समाप्त होने पर जिले के एडीएम वित्त एवं राजस्व त्रिभुवन विष्वकर्मा ने नगर पालिका के प्रषासक के रुप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। नए अध्यक्ष का चुनाव होने तक एडीएम प्रशासक के रुप में कार्य करते रहेंगे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील व अन्य नगर पालिका कर्मचारियों से बातचीत कर आवष्यक दिषा निर्देष दिया।



कार्यभार ग्रहण करने के बाद बातचीत करते एडीएम।

# मुख्यमंत्री अवार्ड से सम्मानित हुई ब्रह्मौली महिला ग्राम प्रधान



ब्रह्मौली महिला ग्राम प्रधान सविता को सम्मानित करते अधिकारी।

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के ब्लाक कालाकांकर की ग्राम पंचायत ब्रह्मौली की महिला ग्राम प्रधान सविता त्रिपाठी को जिला मुख्यालय के पण्डित दीन दयाल उपाध्याय सभागार कक्ष में पंचायती राज विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

ग्राम प्रधान सविता त्रिपाठी ने बताया कि मूल्यांकन वर्ष 2020-21 में किये गए उत्कृष्ट कार्यो हेतु मुख्यमंत्री पंचायती प्रोत्साहन पुरस्कार योजन्तर्गत वर्ष 2022 में जनपद स्तर पर दूसरा स्थान से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री अवार्ड मिलने से ग्राम पंचायत की जनता के साथ ग्राम पंचायत सचिव ब्यास कुमार मौर्य एवं सहायक विकास अधिकारी पँचायत संतोष कुमार त्रिपाठी ने ग्राम प्रधान के साथ गाव की सम्मानित सभी जनता को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि अन्य ग्राम पंचायतो के ग्राम प्रधान भी इसी तरह गाव में उत्कृष्ट कार्य करे जिससे गाव का नाम रोशन हो। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार त्रिपाठी प्रधान पति ने ब्लाक कालाकांकर के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति आभार ब्यक्त किया।

## प्रयोगात्मक परीक्षा आज से

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के जनता इण्टरमीडिएट कालेज आलापुर, कालाकांकर, प्रतापगढ़ में इण्टरमीडिएट 2023 की प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यक्रम बाह्य परीक्षको द्वारा प्रस्तावित निर्धारित किया गया है जिसमें 30 जनवरी 23 को भौतिक विज्ञान, 31 जनवरी को रसायन विज्ञान, 2 फरवरी को जीव विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न होगी। सभी छात्र-छात्राएं निर्धारित समय मे प्रातः 9 बजे कालेज में उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित हों। उक्त आशय की जानकारी परीक्षा प्रमुख नन्द लाल त्रिपाठी ने दी।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कोतवाली महेशगंज उप निरी0 सुनील कुमार गुप्ता व उप निरी0 राहुल कुमार अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित, वारण्टी अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न धारा में दर्ज मु0अ0सं0 02/23 धारा 498ए 494, 377, 323, 504, 506 भादवि के वांछित अभियुक्त प्रदीप कुमार यादव उर्फ सोनू पुत्र अमरनाथ यादव नि0ग्राम दुबानन का पुरवा रायअसकरनपुर थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र महेशगंज के पाइन्दापुर तिराहा के पास से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेजा।पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र मे हड़कम्प मचा हुआ है।

## मारपीट का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के गाबी महुआवन निवासी नफीस अहमद पुत्र जलील अहमद ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका पुत्र जावेद रानीगंज अपनी मां की दवा लेने जा रहा था कि रास्ते में कलीम अहमद व शमीम अहमद पुत्रगण रियाज अगमद, दिलदार पुत्र नियाज अहमद निवासीगण गावी महुआवन व तौफीक पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात उसके लड़के को रुकवा लिया। आरोपियों ने पीड़ित को लात-घूसों से मारते पीटते कट्टा सटाकर धमकी दी कि तुम्हारे व तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। शिकायती पत्र में कहा गया है कि पूर्व में बकरी जाने को लेकर आरोपियों से विवाद हुआ था। इस मामले में पीड़ित ने लीलापुर थाने में नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। इधर दूसरे पक्ष ने भी तहरीर देकर मारपीट का आरोप लगाया है। मामले में थाना प्रभारी सुभाष यादव ने बताया कि दोनों पक्ष से तहरीर मिली है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षा के साथ साहित्य में भी अहम मुकाम हासिल किया डा0 शाहिदा ने

### वरिष्ठ साहित्यकारों के बीच मैं शायर तो नहीं का हुआ विमोचन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर के कटरा रोड स्थित न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की चेयर पर्सन व वरिष्ठ साहित्यकार डा0 शाहिदा द्वारा रचित मैं शायर तो नहीं का भव्य विमोचन वरिष्ठ साहित्यकारों के बीच सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में आए वरिष्ठ साहित्यकार ओम प्रकाश खण्डेलवाल व विषिष्ट अतिथि आकाशवाणी प्रयागराज के निदेशक लोकेश शुक्ल, एमडीपीजी के प्राध्यापक डा0 पीयूशकांत शर्मा, कई शिक्षण संस्थाओं के प्रबंधक अनिल प्रताप त्रिपाठी, वरिष्ठ साहित्यकार डा0 दयाराम मौर्य, प्रदीप चित्रांशी, डा0 शमीम, प्रधानाचार्य वीके सोनी, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य



मैं शायर तो नहीं का विमोचन के दौरान मौजूद साहित्यकारगण।

ने शिक्षा के साथ साहित्य में भी अहम मुकाम हासिल करने पर खुशी जताई। वक्ताओं ने कहा कि डा0 शाहिदा अंग्रेजी के ज्ञाता होने के साथ हिन्दी साहित्य में कविता लिखकर प्रकाशित करने का कार्य करके साहित्य में भी एक अपना अलग स्थान बना लिया है। यह इनकी दूसरी पुस्तक है। इसके पहले आइना प्रकाशित हुई थी और कविताओं का संग्रह कोरोना काल में इन्होंने प्रकाशित किया था।

वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने आधुनिक शिक्षा को जहां बढ़ावा दिया, वहीं साहित्य के क्षेत्र में एक अलग पहचान बना ली और उनकी सहजता और सरलता की छाप लोगों पर पड़ती गई। अवकाश प्राप्त शिक्षाधिकारी व वरिष्ठ साहित्यकार दयाराम मौर्य ने डा0 शाहिदा को लौह पुरुष की उपाधि दी। कार्यक्रम में आनंद मोहन ओझा, विनय श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश केडिया, उदयभान सिंह, अखिल नारायण सिंह, गजेन्द्र जी, गंगा प्रसाद भावुक, परवाना जी, मृदुल मिश्र के अलावा शैलेन्द्र मिश्र, रमेष त्रिपाठी, कृष्णानंद त्रिपाठी, संतोष भगवन, नीरज त्रिपाठी आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगम लाल भंवर व संचालन श्याम शंकर शुक्ल श्याम ने किया। न्यू एंजिल्स के प्रधानाचार्य वीके सोनी व एचआरए मैनेजर कुमारी एफ जीनत ने सभी के प्रति आभार जताया।

# पूज्य विपश्यनाचार्य के जन्मदिन पर सामूहिक ध्यान साधना कर दी गई श्रद्धांजलि

### कर्मचारी प्रतिभागियों को अवकाश हेतु शासनादेश निर्गत करने की मांग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत की आध्यात्मिक दर्शन व पुरातन ध्यान साधना को भारत ही नही अपितु वैश्विक स्तर पर स्थापित करने वाले विपस्सनाचार्य सत्य नारायन गोयनका जी के जन्मदिन पर उनके प्रवास व प्रेरणा द्वारा स्थापित ऐतिहासिक उपालि बुद्ध विहार में उपासकों-उपासिकाओं व साधको ने पूज्य पावन भिक्खु संघ के सानिध्य में सामूहिक साधना करके कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गया प्रसाद स्वावलंबी ने जनपद में उनकी स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि सुगतानन्द बुद्ध



सामूहिक ध्यान साधना करते उपासक व साधकगण।

विहार में ही गुरु सत्य नारायण गोयनका जी ने 1970 में चैदहंवा विपश्यना शिविर का आयोजन किया था जिसमें करीब 15 देशों के लोग शामिल हुए थे। पूज्य भिक्खु करुणा रक्खित ने कहा कि बर्मा आज के म्यान्मार में गुरु शिष्य परंपरा से सुरक्षित रक्खी गई इस विद्या को गोयन्का जी ने 14 वर्ष तक विपस्सना आचार्य सिया जी उबा खिन से सीखा और फिर 1969 में भारत आ गए। विहाराधिपति भन्ते अश्वजित ने कहा कि विपश्यना का अर्थ होता है विशेष रूप से अपने अंदर देखना। विपश्यना साधक राजीव अनीता ने सभी को विपश्यना का आधारभूत 10 दिवसीय शिविर में प्रतिभाग करने की आवश्यकता पर बल दिया। संचालन कर रहे राकेश कनोजिया ने बताया कि जनपद में उनके 1970 के प्रवास व प्रेरणा से जनपद तत्कालीन उपमुख्यमंत्री पं0 लोकपति त्रिपाठी व वर्मा देश के राष्ट्रपति ह्ऊनूह्ल द्वारा धम्म साथ-साथ सुगतानन्द बुद्ध विहार,उपालि बुद्ध विहार व महुली स्थिति बुद्ध विहार को स्थापित किये गए इस ऐतिहासिक कार्य मे अहम भूमिका निभाने वाले पूज्य भदन्त कल्याण मित्र महास्थविर के पास यादें व धरोहर आज भी उनके पास संरक्षित है। सुशील दद्दू व प्रताप बहादुर चैधरी ने संयुक्त रूप से सभी साधको व उपासकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शोभा कन्नौजिया, डॉ0 विजय सरोज, सुनीता चैधरी, रंजू संजय बौद्ध, दिनेश कुमार, राधिका बौद्ध, बसन्त लाल मौर्य, पन्ना लाल, हरिकेश, राजेन्द्र कुमार, अनिल बौद्ध, संजय दीपशिखा, अजय बौद्ध, बिन्दु भारती, खुशी, जय प्रकाश, माधुरी, कलावती, नीरज आदि लोगों ने सहभागिता किया।

# बेसिक विद्यालय के शिक्षकों ने बिखेरे सितारे

### दो दिवसीय कला पेंटिग का हुआ आगाज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अतरसंड प्रतापगढ़ के द्वारा दो दिवसीय कला प्रदर्शनी 2023 का आयोजन हुआ। इस दौरान गोकुल सिंह स्मारक महाविद्यालय के प्रांगण में दो दिवसीय कला पेंटिंग प्रदर्शनी का शानदार आगाज हुआ। उद्घाटन डायट प्राचार्य ह्दय राम आजाद ने किया।

डायट प्रवक्ता शिव बहादुर कहते हैं कि रंग सिर्फ दुनिया को खूबसूरत नहीं बनाते, बल्कि रंगों की अपनी एक खूबसूरत दुनिया होती है। हर एक रंग अपने आप में खास और अहम है। एक कलाकार अपनी कृति में रंगों का चुनाव यूं ही नहीं कर लेता, उसके पीछे उस रंग की अहमियत होती है। इन खूबसूरत चटख और आकर्षक रंगों से रूबरू होने का मौका मिला डाइट प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित 28 जनवरी 2023 से शुरू हुई दो दिवसीय पेंटिंग प्रदर्शनी में। यहां जनपद के 17 ब्लॉक से कला अनुदेशक के रूप में कार्य कर रहे प्राथमिक शिक्षा के शिक्षक कलाकारों तथा उनके द्वारा प्रशिक्षित प्राथमिक तथा जूनियर के बच्चों द्वारा पेटिंग की विभिन्न विधा के साथ प्रतिभागियों ने अपने कृतियों के माध्यम से अपने मन की बात कही। इस मौके पर 42 चित्रकारों, प्राथमिक एवं जूनियर के बच्चों, डाइट एवं निजी डी एल एड कॉलेज के प्रशिक्षुओं की करीब 110 पेंटिंग प्रदर्शित की गई हैं। उप शिक्षा निदेशक/डाइट प्राचार्य हृदय राम आजाद की प्रेरणा व मार्गदर्शन तथा डाइट के कला प्रवक्ता शिव बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व ने इस यादगार प्रदर्शनी को अंजाम दिया। उत्तर प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों तथा पढ़ने वाले बच्चों के द्वारा बनाई गई, क्राफ्ट प्रदर्शनी जिले के इतिहास में एक अद्वितीय पल दर्ज कर गई। शिक्षक वा कवि अखिल अखिलेश पाण्डेय कहते हैं कि बच्चा जितने रंगों से खेलता है उतने ही रंग उसकी जिंदगी में सज जाते हैं। इस मौके पर डायट प्रवक्ता, डॉ अमरेंद्र कुमार मिश्र, डॉ कमल किशोर, जितेंद्र कुमार यादव अनुप कुमार यादव, गर्विता ओझा, सतीश चंद्र तिवारी, विजय कुमार, नूर फातिमा, पंकज कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए। सर्वजीत, शिवेंद्र, आलोक कुमार, रूबी, प्राचार्य बिंदु मिश्रा ने आगंतुकों का स्वागत अभिनंदन किया। गोकुल स्मारक महाविद्यालय के निदेशक मुराद ने आए समस्त अतिथियों, छात्रों, शिक्षकों आदि का आभार व्यक्त किया।

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में मेधावियों ने लहराया सफलता का परचम

### सीपीएस स्कूल में सफल मेधावियों का मुंह मीठा कराकर हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के मेधावियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता का परचम लहराकर लालगंज का नाम रोशन किया है। नगर के कालाकांकर रोड स्थिति सीपीएस स्कूल के सात मेधावियों ने सफलता का कीर्तिमान बनाया है। वही विद्या एजुकेशन इंस्टीटूयट के भी पांच मेधावियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है।

सफलता पर नगर के सीपीएस स्कूल में शनिवार की शाम मेधावियों की सफलता पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने सफल मेधावी कक्षा नौ की अंशिका सिंह, शिवानी सरोज, साक्षी पाल, सत्यम यादव तथा कक्षा सात के आवेश खांन व कक्षा छह के तेजप्रताप सिंह तथा सुधांशु को शाल तथा मेडल व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। बतौर मुख्य अतिथि उन्होने कहा कि सैनिक स्कूल में इन मेधावियों की सफलता लालगंज की उच्चशिक्षा का अनुपम उदाहरण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल इण्डिया रूरल बार एशोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल व संचालन प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने किया। प्रबंधक विचित्र प्रताप सिंह ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

विद्यालय की अध्यपिका पूजा सिंह, बबिता सिह, पूनम त्रिपाठी, कल्पना मिश्रा व विवेक सिंह के संयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां हुई। विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल के अध्यक्ष उदय शंकर दुबे ने भी मेधावियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर छोटे लाल सरोज, भरत सिंह, शास्त्री सौरभ, सोनू मिश्रा आदि रहे। वही विद्या एजूकेशन इंस्टीयूट के कक्षा नौ की प्रीत तिवारी, कक्षा सात में श्लोक तिवारी, रूद्र त्रिपाठी, दिव्यांश मिश्रा एवं कक्षा छह के हर्ष पाठक ने भी सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता का कीर्तिमान बनाया है। विद्यालय के प्रबंधक विमलेश कुमार मिश्रा के संयोजन में इन मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य सरोज त्रिपाठी व संचालन उप प्रधानाचार्य ललित त्रिपाठी ने किया।

## मां ज्वाला देवी धाम मानिकपुर में माता रानी की मूर्ति की हुई स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा, लोगों का उमड़ा जनसमूह

**परियावां, प्रतापगढ़।** सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर में माता रानी की भव्य मूर्ति की स्थापना शुक्रवार सांयकाल मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव डॉ विजय यादव व सदस्यों की उपस्थिति में आचार्य अखिलेश त्रिपाठी ने 9 ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण तथा घंटा घड़ियाल व शंखनाद के बीच सकुशल संपन्न कराया।

# श्रीराम कथा श्रवण से मिट जाती है जीवन की सारी व्यथाः वेद व्यास भार्गव

### लखनसेनपुर में बही श्री राम कथा की अमृत धारा,श्रद्धालुओं की जमा हो रही है भीड़

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के लखनसेनपुर गांव में हो रही श्रीरामकथा में दूसरे दिन रविवार को कथा की अमृतधारा का भक्तगण आनंद ले रहे है। क्षेत्र में चल रही नौ दिवसीय कथा का रसपान करने के लिए दूर-दराज के श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो रही है।

कथा सुनाते हुए वेद व्यास आचार्य वेद व्यास भार्गव मुनि महाराज ने बताया कि श्रीराम कथा एक ऐसी कथा है जिसको सुनने के लिए ईश्वर भी लालायित रहते है। कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य अपने पापों से मुक्ति पा लेता है।यही नहीं उसके जीवन की सारी व्यथा मिट जाती है। कलयुग में भगवान श्रीराम की कृपा से ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।विना श्रीराम के कुछ भी संभव नहीं है।जो श्रीराम से अलग हुआ उसकी सहायता तीनों लोको में कोई नही कर पाया है। जब इंद्र पुत्र जयंत ने एक बार माता जी के चरणों में चोंच मारकर भागा।भगवान ने कुश के बाण से मार दिया। उससे बचने के लिए जयंत तीनों लोको में दौड़ा लेकिन उसे किसी ने भी शरण नही दी। अंत में उसे श्रीचरणों में ही आना पड़ा।इस दौरान मुख्य यजमान धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व अरुण प्रताप सिंह ने कथा के श्रवण के बाद श्रीराम भगवान की आरती करने के बाद कथा व्यास का आशीर्वाद लेकर आए हुए कथा में श्रद्धालुओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर शुभम सिंह, पन्ना लाल पाण्डेय, लल्लू राम पाण्डेय,सन्नी सिंह, अरुणेश सिंह चैहान, संजय सिंह, गजाधर सिंह, रजनीश सिंह, राय बहादुर सिंह, केशव दत्त पाण्डेय, राम पाण्डेय समेत सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लेकर कथा रूपी बहती अमृतधारा का रसपान कर पुण्य लाभ लिया।



लखनसेनपुर में राम कथा कहते वेद व्यास भार्गव।

## चोरी की घटना में केस नही दर्ज कर रही पुलिस, एएसपी से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चोरी की घटना में पुलिस द्वारा केस न दर्ज किये जाने से परेशान पीड़ित ने एएसपी से इंसाफ की गुहार की है। एएसपी ने सांगीपुर पुलिस को घटना की जांच कर कार्यवाई के कड़े निर्देश दिये है। सांगीपुर थाना के असावां निवासी रामनिहोर की पत्नी द्रोपती ने एएसपी को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि सत्रह जनवरी को उसके मकान का ताला तोड़कर आरोपियों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरो ने उसके मकान में रखे कीमती बर्तन और गैस सिलेण्डर आदि चोरी कर ले गये है। सूचना पर सांगीपुर पुलिस भी पहुंची और जांच कर पीड़ित को कार्यवाई का भरोसा दिलाया।

## खबर संक्षेप

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 07 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से दो थाना सराय अकिल से एक थाना पिपरी से चार कुल सात अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 146 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 04 वाहनों से 2000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त बृजेश कुमार पुत्र राम सेवक मौर्य निवासी नेवारी थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# अय्याशी के चलते की गई थी दूधिया थी हत्या

## करारी थाना पुलिस ने एसओजी टीम के साथ दो हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

## दूधिया की हत्या में फरार एक अभियुक्त पर घोषित किया गया 25 हजार का इनाम

अखंड भारत संदेश



दूधिया हत्याकांड का खुलासा करती पुलिस

**कौशाम्बी।** थाना करारी अंतर्गत 24 जनवरी 2023 की रात्रि को कुतुब आलमपुर गांव में दूधिया की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए घटना में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है दूधिया की हत्या में शामिल एक अभियुक्त फरार चल रहा है जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने 25000 का इनाम घोषित किया है पुलिस सूत्रों ने बताया कि अय्याशी और अवैध संबंधों के चलते दूधिया की गोली मारकर हत्या की गई है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के कुतुब आलमपुर गांव निवासी बलराम सिंह यादव उम्र 50 वर्ष पुत्र स्व0 राजाराम 24 जनवरी की रात्रि 11:00 बजे दूध बेचकर अपने घर जा रहे थे गांव के बाहर कुछ लोगों ने उन्हें गोली मार दी जिससे उनकी मौत हो गई दूधिया को गोली मारने के बाद हत्यारे मौके से फरार हो गए इस मामले में थाना करारी पर मुकदमा बनाम सोनू यादव पुत्र शारदा प्रसाद, पप्पू पुत्र लल्लू यादव एवं एक अन्य अज्ञात पंजीकृत किया गया था घटना की गम्भीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा टीमों का गठन कर शीघ्र सफल अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था। इस क्रम में विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि हत्या के मुख्य अभियुक्त सोनू यादव पुत्र शारदा प्रसाद निवासी कुतुब आलमपुर थाना करारी की बात गांव की एक युवती से होती थी अभियुक्त द्वारा युवती के मना किये जाने के बावजूद भी बात करने का प्रयास और उसे परेशान किया जाता था, जिसका युवती के परिवार वाले विरोध करते थे मृतक बलराम युवती के परिवार वालों के करीबियों में से थे सोनू मृतक के गांव का ही था इसलिये उनके द्वारा सोनू को बार-बार समझाया व डाटा गया जिससे सोनू मृतक बलराम से खुन्नस रखता था। ऐसे में सोनू ने अपने अन्य साथियों गुड्डू, विनोद और मनीष उर्फ पुन्ची के साथ मिलकर मृतक बलराम को मारने की योजना बनाई मुख्य अभियुक्त सोनू को मृतक बलराम के आने जाने के रास्ते का और समय का बखूबी पता था। दिनांक 24.01.2023 को चारों दोस्तों ने मिलकर पहले बिरयानी खायी और शराब पिया फिर साथ मिलकर बलराम को गोली मार दी जिससे मौके पर ही मृत्यु हो गयी। एसओजी टीम व थाना करारी पुलिस द्वारा सर्विलांस सेल की सहायता से घटना में शामिल 02 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है। अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया तथा निशादेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा हत्या के मुख्य अभियुक्त सोनू यादव पुत्र शारदा प्रसाद की गिरफ्तारी के लिये 25,000/- का पुरस्कार घोषित किया गया है।

## न्यूज झरोखा

### कोखराज ग्राम प्रधान रमेश मौर्य ने जॉच कराने के बाद अपात्र लोंगो की काटी कालोनी

**पूर्व प्रधान प्रत्यासी ने ग्राम प्रधान पर तमाम आरोप लगा कर पुनः दबाव बनाने के बाद कालोनी की मांग की, अपात्र लोगों ने कोखराज प्रधान रमेश मौर्य को बदनाम करने की रची साजिश**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज के ग्राम पंचायत के मजरा सैदअलीपुर व अन्य मजरो से ग्राम के कुछ लोगों को लालच देकर चुनाव में हार से खीझे पूर्व प्रधान प्रत्यासी गलत तरीके से कालोनी पा गये थे जिसकी लोंगो को जानकारी में अपात्र हो जाने पर प्रधान को सोची समझी रणनीति के तहत बदनाम करने की साजिश रची लेकिन जब उन्ही लोगों से व कुछ और लोगों से बात करने पर उन्होंने अपने बयान को नकारा ब्लकि कुछ और लोगों ने कहा की प्रधान बहुत के मददगार होने से चुनाव में हार होने के कारण कुछ लोगों को प्रधान के अच्छे कार्य दिख नही रहे हैं और उन लोगों को कुछ सूझ नहीं रहा तो वह अनर्गल बयानबाजी कर बदनाम कर रहे हैं मौर्य समाज के ग्राम प्रधान को बदनाम करने के लिए तमाम दलाल जो कलोनी में आपत्रो से वसूली कर चुके थे लेकिन ग्राम प्रधान की सक्रियता के चलते आपत्रो का आवास काट दिया गया वही पात्रो को कालोनी दे दी गयी जिससे कमाई का जरिया खत्म होने से बौखलाए दलालों ने मीडिया के माध्यम से बदनाम करने की साजिस नाकाम हो गयी।

### आरोग्य मेले में उपचार का मिल रहा लोगो को लाभ



**अझुवा कौशाम्बी।** प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय प्रति रविवार प्रत्येक सीएचसी और पीएचसी में आरोग्य मेले का आयोजन किया जाय उस कड़ी में आदर्श नगर पंचायत अझुवा के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रति रविवार डॉक्टर हासिम खान के नेतृत्व में आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है यहां पर क्षेत्र भर के लोग अपनी बीमारियों के उपचार हेतु पहुंचते हैं हालांकि इस समय बीमारियां ना के बराबर है फिर भी आज रविवार 29 जनवरी को डॉक्टर हासिम खान, वार्ड बॉय सुरेंद्र, स्टाफ नर्स पूर्णिमा ,एनम प्रीति देवी, स्वीपर बबलू ने आरोग्य मेले का आयोजन कर दोपहर 2:00 बजे तक 5 मरीज देखे हैं जिनमें एक मरीज सीने के बीमारी 2 मरीज हाथ दर्द और दो मरीज खांसी के आए थे जिनका डॉन हासिम खान ने कुशलतापूर्वक इलाज कर दवाएं वितरण करवाया है।

### पुलिस अधीक्षक ने की सैनिक सम्मेलन की गोष्ठी



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी की गयी। जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए गए तद्उपरान्त आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा न्यायालय द्वारा निर्गत सम्मन, वारण्ट व अन्य प्रपत्रों को समयबद्ध तामिला व जनशिकायतों का गुणवत्तापरक समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक जेल अधीक्षक व जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण समस्त थाना प्रभारी शाखा प्रभारी व जनपद के गोष्ठी से सम्बन्धित अन्य विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

# संगठित हिंदू समाज मजबूत राष्ट्र की नीव है : अवधेश नारायण शुक्ल

अखंड भारत संदेश

**पूरबपश्चिम शरीरा कस्बे में आयोजित हुई हिंदू जागरण मंच की बैठक**


हिंदू जागरण मंच के कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी

**कौशाम्बी।** आज राष्ट्र की आवश्यकता है कि हिंदू समाज जाति से के भेदभाव और कुरीतियों को छोड़ते हुए संगठित हो क्योंकि मजबूत हिंदू समाज ही मजबूत राष्ट्र भारत को बनाता है। हम सभी को संगठित हो पुराने मजबूत अखंड भारत के निर्माण को लेकर दृढ़ संकल्प हो आगे बढ़ना होगा। उक्त बातें हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ल ने रविवार को पूरब पश्चिम शरीरा कस्बा स्थित झारखंडी माता मंदिर में आयोजित बैठक के दौरान कही। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज हिंदू समाज जाग रहा है हम सभी एकजुट होकर समाज में मौजूद जाति और समाज को बांटने वाली बुराइयों के खिलाफ लड़ने का संकल्प लें कि कैसे समाज में फैली कुरीतियों को कमजोर किया जाए और समाज मजबूत हो। इस मौके पर उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों से जातियों से ऊपर उठकर हिंदू धर्म के लिए एकजुट होने का आवाहन किया। इस मौके पर प्रमुख रूप में कृष्णा कांत त्रिपाठी, लवलेश दुबे, प्रकाश दुबे, रंजीत सिंह, लवलेश गर्ग,मनीष, राजेश सिंह, सुशील गोस्वामी, कमलेश सिंह मनदीप कामता आलोक सिंह, पंकज मिश्रा सुधांशु, प्रिंस विश्वकर्मा, धर्म सिंह, संगीता देवी, हनुमान, कौशिक तिवारी,शिवलोचन कैथवास, लवलेश सोनकर, अरविंद, रवि करण, पूजा देवी, तरुण द्विवेदी, नंदू सरोज, अरविंद रैदास सहित बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### थाना पश्चिम शरीरा में जबरिया इसाई धर्म स्वीकार कराए जाने का आरोप

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक युवक ने जबरिया धन का लालच तथा धमकी देकर ईसाई बनाए जाने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस में शिकायत किया है। शिकायत पत्र मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है वहीं दूसरी ओर इस मामले को लेकर हिंदू संगठनों में भी देखा जा रहा है। मामले में लिखित सहित तहरीर देते हुए सरसावा गांव निवासी नंदू लाल ने आरोप लगाते हुए बताया कि पश्चिम शरीरा कर रहने वाला एक व्यक्ति उसे सत्संग में ले गया और कहा था कि तुम्हारे घर में बुरी आत्मा है जिसको वह ठीक करा देंगे। यही नहीं खराब आर्थिक स्थिति देते हुए देखते हुए उसने ?1000 का सहयोग भी किया था। इसके बाद इन लोगों ने फतेहपुर के रहने वाले रामचंद्र नाम के एक व्यक्ति के साथ मिलकर युवक पर घर बुलाकर इसाई धर्म स्वीकार करने का दबाव बनाया। जब युवक ने उनकी बात नहीं उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले में तहरीर साथ थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दिया है। खबर लिखे जाने तक मामले में रिपोर्ट नहीं दर्ज हो सकी थी।

# लगा रहा ताला, परेशान रहे किसान

अखंड भारत संदेश

**किसान सेवा समिति लिमिटेड के जिम्मेदारों से क्षेत्रीय किसान त्रस्त**

**अझुवा कौशाम्बी।** रवी की फसल की बुवाई हो गयी है किसान की फसलें उग रही हैं किसान पहली सिंचाई कर रहे हैं सिंचाई के बाद किसानों गेहूं की फसल में यूरिया की बहुतायत जरूरत होती है किंतु किसान को सेवा समिति से खाद उपलब्ध नही हो पाती नगर पंचायत अझुवा में किसान सेवा समिति का ऑफिस और गोदाम है यहां सचिव अपनी मनमर्जी से खाद का वितरण करता है सोंधिया मई किसान राम चन्द्र ने बताया वह बीते कल यूरिया खाद लेने किसान सेवा समिति लिमिटेड अझुवा आया था सचिव ने आधारकार्ड जमा करवा लिया थोड़ी देर बाद कार्ड वापस करते हुए सिराथू जाने को बोलकर दूसरे दिन बुलाया आज शनिवार 12 बजे समिति से खाद मिली मौके पर रहे तमाम किसानों ने रेट से अधिक वसूली का आरोप लगाया है यूरिया खाद का सभी करों सहित 266.50 रु विक्री मूल्य है किंतु किसान सेवा समिति लिमिटेड अझुवा में सचिव 280 रु प्रति बोरी विक्री करता है किसान जब अधिक मूल्य लेने का विरोध करते हैं किसानों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त जमुना प्रसाद निषाद पुत्र स्व0 राम किशोर निवासी भन्दा थाना सराय अकिल को बकोढ़ा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर तथा अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद कुल्हाड़ी बरामद कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# भारतीय पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष सुबोध केसरवानी और महामंत्री बने शशिभूषण सिंह

## विजयी प्रत्याशियों को माल्यार्पण कर हुआ जोरदार स्वागत


भारतीय पत्रकार संघ के चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारी

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** भारतीय पत्रकार संघ की एक बैठक रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश द्विवेदी के निर्देशन में संगठन के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री सुशील केसरवानी की अध्यक्षता में करारी कस्बे के एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुई है बैठक में कौशांबी जनपद के पत्रकारों की कार्यकारिणी गठन की गई है इस गठन में भारतीय पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष सुबोध केसरवानी बनाए गए हैं महामंत्री के पद पर शशि भूषण सिंह उपाध्यक्ष पद पर संत लाल मौर्या नथन सिंह पटेल गणेश साहू शकील अहमद और फैज अहमद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं संगठन मंत्री के पद पर राजू सक्सेना और सुशील कुमार मिश्रा उर्फ बबलू निर्वाचित हुए हैं महासचिव के पद पर राकेश केसरवानी और जिला प्रचार मंत्री के पद पर पुष्पेंद्र कुमार उर्फ नेता तिवारी चुने गए हैं। तमाम लोग कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए हैं विजयी प्रत्याशियों को माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया गया है भारतीय पत्रकार संघ के चुनाव में पूरणमल केसरवानी उर्फ गुड्डा श्यामू अग्रहरी चांद बाबू उज्ज्वल केशरवानी एडवोकेट जावेद सुल्तान सहित तमाम लोग मौजूद रहे राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री सुशील केसरवानी ने कहा कि जिला और तहसील कार्यकारिणी के गठन के बाद चुने गए पदाधिकारियों को जल्द ही शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा।

### चायल तहसील अध्यक्ष बने मदन कुमार केसरवानी

**कौशांबी।** भारतीय पत्रकार संघ के करारी कस्बे में रविवार को हुए जिला कार्यकारिणी के चुनाव के साथ-साथ तहसील संगठन का भी चुनाव संपन्न हुआ है चायल तहसील अध्यक्ष के पद पर मदन कुमार केसरवानी और महामंत्री के पद पर राजकुमार कोषाध्यक्ष पद पर विजय कुमार संगठन मंत्री के पद पर मोनू पांडेय सचिव के पद पर अनिल कुमार इकरार मुन्ना यादव मनजीत सिंह यादव और मंत्री के पद पर बृजेंद्र केसरवानी चुने गए निर्वाचन पूर्ण होने पर विजई प्रत्याशियों को माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया गया है।

### मंझनपुर तहसील अध्यक्ष बने अनिल कुमार वर्मा

**कौशाम्बी।** भारतीय पत्रकार संघ के करारी कस्बे में जिला कार्यकारिणी के चुनाव के साथ साथ मंझनपुर तहसील संघ का भी चुनाव साथ में संपन्न हुआ है मंझनपुर तहसील अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा महामंत्री सौरभ मिश्रा उपाध्यक्ष पद पर शैलेंद्र कुमार मौर्या संगठन मंत्री पद पर सियाराम सिंह कोषाध्यक्ष पद पर शिव कुमार मौर्या संयुक्त मंत्री पद पर आर्यवीर और प्रचार मंत्री के पद पर अरविंद कुमार मौर्या चुने गए हैं भारतीय पत्रकार संघ के तहसील मंझनपुर के चुनाव में विजई प्रत्याशियों को माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया गया है।

### सिराथू तहसील अध्यक्ष बने विष्णु सोनी

**कौशांबी।** भारतीय पत्रकार संघ के जिला कार्यकारिणी के चुनाव के साथ साथ तहसील संगठन का भी चुनाव संपन्न हुआ है इस बैठक में भारतीय पत्रकार संघ के सिराथू तहसील अध्यक्ष पद पर विष्णु कुमार सोनी महामंत्री पद पर अजीत कुशवाहा उपाध्यक्ष पद पर अरविंद सिंह और शिव कुमार उर्फ बुदुल चुने गए हैं।

# एमएलसी चुनाव : एडीएम ने किया बूथ निरीक्षण

## व्यवस्था देख नाराज हुए उपजिलाधिकारी


बूथ का निरीक्षण करते एडीएम

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सोमवार को इलाहाबाद झांसी स्नातक खंड चुनाव प्रस्तावित है आज रविवार शाम बूथ निरीक्षण को पहुंचे एडीएम मनोज पांडेय ने नगर पंचायत अझुवा में बने बूथ को देखकर बेहद नाराज हुए जिम्मेदार नगर प्रसाशन को जमकर फटकार लगाई गंदगी और अव्यवस्था देख उन्होंने मौके से नदारद ईओ सुभाष चंद्र सिंह को फटकार लगाई है उन्होंने गंदगी देख नगर पंचायत कार्यालय को तबेला कह कर सम्बोधित किया उन्होंने नगर पंचायत के लिए बने कार्यालय को लेकर तमाम बातें कही हैं नगर पंचायत कार्यालय बाड़े में चल रहा है अभी 1 माह से वह प्रशासक बने हैं शीघ्र सुधार देखने को मिलेगा एसडीएम राहुल देव भट्ट ने बताया इस बूथ पर 78 मतदाता सम्बध्द है हैं जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे एडीएम ने मौजूद जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया किसी प्रकार की अव्यवस्था बर्दास्त नही की जा सकती इस निरीक्षण में एसडीएम सिराथू राहुल देव भट्ट,नायब तहसीलदार अंकिता पाठक,सैनी कोतवाली प्रभारी भुवनेश चौबे,कानूनगो सोहनलाल,चौकी इंचार्ज गौरव त्रिवेदी सहित जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



### सुरेश सिंह अध्यक्ष और अशोक कुमार यादव बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ मंझनपुर का 2 वर्षीय चुनाव मंझनपुर तहसील सभागार में जिला अध्यक्ष साधना सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तहसील लेखपाल संघ के चुनाव में सुरेंद्र कुमार सिंह अध्यक्ष अवधेश कुमार यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव भजन कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी उप मंत्री सुभाष कुमार कोषाध्यक्ष पंचम लाल मौर्या आय-व्यय निरीक्षक के पद पर चुने गए हैं लेखपाल संघ के चुनाव में विजई पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर साथियों ने उनका जोरदार स्वागत किया है और उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई है उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की जिला अध्यक्ष साधना सिंह ने मंझनपुर तहसील संघ चुनाव की सूचना उप जिलाधिकारी और जिलाधिकारी सहित विभिन्न अधिकारियों को पत्र लिखकर दे दी है।

### शराब के साथ दो गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त श्रीनाथ सरोज पुत्र भैरव सरोज निवासी अलवारा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब मय बनाने के उपकरण बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता सुनीता पत्नी महबीर निवासी अम्बावा पूरब थाना मझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्ता का चालान न्यायालय कर दिया है।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीर पुलिस बल द्वारा रात्रिगस्त वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त मो० असलम पुत्र मो० मुस्तफा निवासी दानपुर थाना पश्चिम शरीरा को दानपुर पेट्रोल पंप के पास से 320 ग्राम नाजायज गाजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# फर्जी बिल बाउचर से शोभना ग्राम पंचायत में हुए हैंडपंपों के रिबोर मरम्मत !

**खंड विकास अधिकारी मूरतगंज और एडीओ पंचायत भ्रष्टाचारियों के कमीशन खोरी में बने हिस्सेदार, कई योजनाओं के आधे अधूरे कार्यों पर जिम्मेदारों ने निकाला बीस लाख रुपए की रकम**

अखंड भारत संदेश


शोभना गांव के भ्रष्टाचार की जानकारी देते ग्रामीण

**हररायपुर कौशांबी।** विकासखंड मूरतगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में विकास कराए जाने के नाम पर बेखौफ तरीके से धांधली हो रही है एडीओ पंचायत और खंड विकास अधिकारी मूरतगंज भ्रष्टाचारियों के साझीदार बन चुके हैं जिससे सरकारी योजना आम जनमानस के उपयोग में नहीं आ पा रही हैं केवल अभिलेखों में विकास कराए जा रहे हैं अफसरों की झूठी सूचनाएं भेजी जा रही हैं खंड विकास अधिकारी मूरतगंज ईमानदारी की डफली बजा रहे हैं 2 वर्ष के बीच में मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के 2 दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में 7 करोड़ रुपए से अधिक के फर्जी बिल वाउचर लगाकर पंचायत के जिम्मेदारों ने सरकारी खजाने से रकम निकाल ली है बार-बार ग्रामीणों ने शिकायत की उसके बाद भी खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत के कानों में जूं नहीं रेंग रही है ग्रामीणों ने मामले की शिकायत डीएम सीडीओ से भी की लेकिन जांच के नाम पर खंड विकास अधिकारी को जांच सौंप दी जाती है और खंड विकास अधिकारी ग्राम पंचायतों के विकास के भ्रष्टाचार की रकम में रिश्तेदार बताए जाते हैं जिससे ग्राम पंचायतों में पनप रहे भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच नहीं हो पाती है। ग्रामीणों ने बताया कि विकासखंड क्षेत्र मूरतगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत शोभना मे पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान की सांठगांठ के चलते बड़ी धांधली हुई है कई योजनाओं में फर्जी बिल बाउचर के सारे 20 लाख रुपए की सरकारी रकम खजाने से निकाली जा चुकी है लेकिन शिकायत के बाद भी दोषी ग्राम प्रधान और दोषी पंचायत सचिव पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है जिससे खंड विकास अधिकारी मूरतगंज और एडीओ पंचायत मूरतगंज के भ्रष्टाचार में साझीदार होने से इनकार नहीं किया जा सकता है आधे अधूरे काम पर बीस लाख रुपये निकल जाने के बाद भी अभी तक खंड विकास अधिकारी ने दोषी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर मुकदमा दर्ज कराकर सरकारी रकम की रिकवरी नहीं कराई है आंकड़े बताते हैं कि ग्राम पंचायत शोभना में हैंडपंप मरम्मत वा रिबोर में 2 लाख 11 हजार 830 रुपए की रकम फर्जी बिल बाउचर के जरिए खजाने से निकाल ली गई है लेकिन गांव में हैंडपंप की मरम्मत और रिबोर का कार्य नहीं हुआ है जिससे गांव में पानी की समस्या अभी भी बनी हुई है बताया जाता है कि फर्जी बिल बाउचर के सहारे लाखों की रकम निकाली गई है यदि हैंडपंप मरम्मत और रिबोर की अधिकारियों ने जांच कराई तो ग्राम पंचायत का घोटाला उजागर होना तय है। हैंडपंप मरम्मत के फर्जी बिल बाउचर के सहारे लाखों की रकम निकालने के मामले में सफल होने के बाद ग्राम पंचायत शोभना के जिम्मेदार ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने इंटरलॉकिंग निर्माण मे 7 लाख 46 हजार 497 रुपए की रकम खजाने से निकाल ली लेकिन गांव में इंटरलॉकिंग का निर्माण मानक के अनुसार नहीं कराया क्या है घटिया निर्माण के चलते इंटरलॉकिंग लगाए जाने का उद्देश्य अपने मूल उद्देश्य से भटक चुका है लेकिन फिर भी खंड विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के कारनामों की जांच कराकर दोषियों को दंडित करने का प्रयास अभी तक नहीं किया है जिससे खंड विकास अधिकारी मूरतगंज के कमीशन खोरी में हिस्सेदार होने से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्राम पंचायत शोभना में बढ़ते भ्रष्टाचार के बीच खड़ंजा मरम्मत में 1 लाख 95 हजार 710 रुपए की रकम सरकारी खजाने से निकाली गई लेकिन खड़ंजा मरम्मत कहां कराया गया है उसकी क्या गुणवत्ता है इसको देखने वाले विकास खंड कार्यालय में शायद कोई नहीं मौजूद है जिससे लगता है कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में ग्राम पंचायत शोभना अनाथ हो गई और सरकारी खजाने पर खुलेआम जिम्मेदारों का कब्जा है ग्राम पंचायत सोभना के विद्यालयो में किचन टाइल्स पलम्बरी व बाउंड्रीवाल में 4 लाख 23 हजार 945 रुपये की रकम फिर जिम्मेदारों ने खजाने से निकाल ली है बाउंड्री वाल में तीसरे दर्जे की ईट लगाई गई है मानक बिहीन सीमेंट बालू का मिश्रण किया गया है जिससे बाउंड्री वाल की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं जबकि कुछ दिनों पहले गांव में एमडीएम सेट बनवाया गया था आखिर जब सरकारी विद्यालय में एमडीएम सेट बनाया जा चुका है तो दोबारा 4 लाख रुपए की रकम एमडीएम सेट और बाउंड्री वाल के नाम पर निकालने के पीछे ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की क्या मंशा है इतना ही नहीं सार्वजनिक शौचालय सामुदायिक शौचालय ग्राम पंचायत के शौचालयों के मरम्मत और निर्माण के नाम पर भी बड़ी धांधली हुई है ग्राम पंचायत शोभना पूरी तरह से अनाथ हो गई है डीएम कमिश्नर ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार को रोकने का प्रयास नहीं कर पा रहे हैं ग्राम पंचायत शोभना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार धांधली के मामले में ग्रामीणों ने योगी आदित्यनाथ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर मुकदमा दर्ज कराकर भ्रष्टाचार के रकम की रिकवरी कराए जाने और दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की है लेकिन क्या योगी आदित्यनाथ के सरकार में भ्रष्ट ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के कारनामों की निष्पक्ष जांच हो पाएगी यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

संपादकीय

# फतह अल सीसी में आप किसका

**पुष्परंजन**

**राष्ट्रपति** अब्दुल फतह अल सीसी किसके सुझाव पर भारतीय गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि बनाये गये? क्या इसमें इजराइल के प्रधानमंत्री बिंजामिन नेतन्याहू की कोई भूमिका रही है? गुट निरपेक्ष देशों का वो दौर तो कब का खत्म हो चुका, जब 1961 में नेहरू-नासिर और टीटो ने इसकी बुनियाद रखी थी। मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल सीसी में आप किसका अक्स ढूंढेंगे? वो कर्तव्य पथ पर बतौर मुख्य अतिथि आये, मिस्त्र के 144 सैनिकों ने भी परेड में हिस्सा लिया। मगर, किसी ने पूछा नहीं कि फतह अल सीसी को उत्तरी अफ्रीकी देश में लोग किस नुक्ते-नजर से देखते हैं? मिस्त्र और भारत के बीच रक्षा सहयोग के लिए समझौता कुछ नया नहीं है। नया है, मीडिया सहयोग। उन्हें भारत जैसा ही टीवी और रेडियो चाहिए, चुनांचे एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अपने यहां का प्रसार भारती, मिस्त्र का पब्लिक ब्राडकास्टर, नेशनल मीडिया ऑथरिटी (एनएमए) से सारी जानकारी साझा करेगा कि सरकार के कामों का प्रचार कैसे किया जाता है, सरकार की छवि बनाने के पैटर्न क्या हैं। केवल प्रसारण के क्षेत्र में प्रसार भारती और एनएमए के बीच 29 समझौतों पर हस्ताक्षर को कम मत आंकिये। न्यूयार्क में एक संस्था है, कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट (सीपीजे), जो दुनिया भर में पत्रकारों के साथ हो रहे सुलूक पर नजर रखती है। सीपीजे ने दिसंबर 2022 में रिपोर्ट दी थी कि उत्तर अफ्रीकी देश मिस्त्र, मीडिया को कुचलने के मामले में सबसे अधिक कुख्यात है। 21 पत्रकार अब भी मिस्त्र की जेलों में सड़ रहे हैं। सीपीजे ने एक माह पहले जो सर्वे रिपोर्ट दी थी, उसके अनुसार, पत्रकारों पर कहर बरपाने के मामले में ईरान ने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है।

62 पत्रकार ईरान की जेलों में हैं। चीन में 43 और म्यांमार में 42, तुर्की में 40, बेलारूस में 26, वियतनाम में 21, मिस्त्र में 21, रूस में 19, और सऊदी अरब में 11 पत्रकार बामुशक्कत कैद भुगत रहे हैं। पैरिस स्थित 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' मिस्त्र की जेलों में बंद पत्रकारों की संख्या 22 बताता है। ऐसे देशों के शासन प्रमुख 'कर्तव्य पथ' पर यदि बतौर मुख्य अतिथि पधारते हैं, तो सवाल क्यों नहीं पूछा जाना चाहिए? हमारा कर्तव्य क्या कहता है, कि जो शासन प्रमुख मानवाधिकारों का जितना बड़ा हंता हो, उसे मुख्य अतिथि का सम्मान दो? अब्दुल फतह अल सीसी ने 2013 में सत्ता में आने के बाद सबसे पहले मीडिया को निशाने पर लिया था। 2015 का आतंकवाद विरोधी कानून इसका एक उदाहरण है, जो पत्रकारों को आतंकवादी हमलों के बारे में आधिकारिक जानकारी के अलावा कुछ भी प्रसारित करने से रोकता है। उल्लंघनकताओं को आतंकवाद निरोधक कानून के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। जो एक बार मिस्त्र की जेल में गये, उनकी मुक्ति के आसार कम ही दिखते हैं। 2018 में अल सीसी सरकार ने अभिव्यक्ति का अधिकार और मीडिया का मुंह बंद करने के वास्ते दो और कानून आयद किये।

# कितना बदल गया इंसान

**डॉ. सुरेश कुमार**

**साहब** समय कभी नहीं बदलता। बदलते हैं तो लोग। वह भी गिरगिट से भी तेज। विश्वास न हो तो खुद के रंग ही देख लें। एक समय था जब चार घर छोड़ दुकान चलाने वाला मेरा मित्र मेरी हर बात का आदर करता था। अब वह बहुत बदल गया है। आजकल उस पर समाचार चैनलों की चिल्लाहट का गाढ़ा रंग हावी हो चुका है। हम धर्म से अलग थे इसीलिए शिवालयों-फव्वारों की बातें होने लगी है। वह मुझे अलग नजर से देखने लगा है। मैं उसे बहुत देर से समझाने की कोशिश कर रहा हूँ। मैंने उसे विश्वास दिलाने का हरसंभव प्रयास किया। किंतु उसमें मेरे दूधमुँहे बच्चे के प्रति तनिक भी संवेदना नहीं है। मैं गिड़गिड़ाता रहा कि बच्चा घर पर भूखा है। बाकी के दो रुपए आपको लौटा दूँगा यह दूध का पैकेट दे दो।

न जाने कहाँ से उसकी जुबान पर भड़ास के गुर्गे आ बैठे, वह आक्रोश में कहने लगा झ्र भाई! जमाना बदल चुका है। हरीश्चंद्र के दिन लद गए हैं। आज वही फूल सुरक्षित है जिसके सीने में पैने नश्तर होते हैं। जिनके हाथों में पत्थर होते हैं, लोग उन्हीं की बात सुनते हैं। यहाँ हर कोई ऊपर से नीचे तक पाक होने का दावा करता है लेकिन भीतर से मैलेपन की नापाक कई अस्तरें होती हैं। वह दिन और थे जब ह्यरात गई बात गईह्ल कहकर एक-दूसरे के गिले-शिकवें भुला दिए जाते थे। मीठे बोल उस दरिया की तरह होते थे जो एक जगह से दूसरी जगह बहते हुए सभी में घुल-मिल जाते थे। अब तो कड़वेबोलों का बोलबाला है। जो जितना कड़वा बोलता है लोग उसी की जयजयकार करते हैं। ये धार्मिक बातें कहने को सच्ची हैं, करनी में तो एक-दूसरे का गला काटने का काम करती हैं। नहीं तो माहौल इतने बदतर क्यों होते? अब जमाना बातों की जुगाली करने और नूरा कुश्ती करने का अखाड़ा है। दवाओं की जगह दावों की दुकानें खुलने लगें तब आदमी अड़ियल नहीं तो लचीला बनेगा? अब रिश्ते पहले जैसे नहीं रहे। रिश्तों की कब्र के नीचे स्वार्थ की मिट्टी है और उसके ऊपर दिखावटी मखमल की चादर है। पहले दिल से निकलने वाली बाते सीधे मुँह के बायपास से आती थीं। अब बातें नहीं हरकतें होती हैं। शैतानी दिमाग के रास्ते होते हुए आँखों, हाथों और पैरों से। मैं उससे पूछना चाहता था कि दो रुपए के लिए इतना सब सुनाना जरूरी था क्या? लेकिन मैं समझदार था। मैंने बेवजह की जिरहों से भरे समाचार देखने वाले से दूरी बनाए रखने में भलाई समझी। वह फव्वारों और शिवालयों से खुद को अपडेट करने में खुश था और मैं इतनी बड़ी दुनिया में दूधमुँहे बच्चे के लिए दूध जुटाने में चिंतित।

# जजों की नियुक्ति को लेकर बढ़ता टकराव

**प्रेम शर्मा**



अगर जज अपनी नियुक्ति के लिए सरकार द्वारा वीटो पर निर्भर करेंगे। तब इस बात की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि वे सरकार से गठबंधन में होंगे या कम से कम उनकी विश्वसनीयता जनता की नजर में संदिग्ध रहेगी। आखिरॉ सरकार एनजेएसी कानून या दूसरे माध्यमों से न्यायाधीशों की नियुक्ति में इतनी दिलचस्पी क्यों रखती है। अगर उसका मानना है कि वर्तमान व्यवस्था में जो जज नियुक्त हो रहे हैं। वे अनुभवहीन अपारदर्शीं अयोग्य या किसी

**देश** में न्यायाधीशों के चयन और नियुक्ति को लेकर छिड़ा विवाद चरम पर है। जबकि देश की अदालतों में पांच करोड़ से ज्यादा मामले लंबित हैं लोगों को सस्ताॉ सुलभ और जल्दी न्याय दिलाने के दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। ऐसे में सरकार और शीर्ष अदालत में अधिकार क्षेत्र और कार्यसीमाओं पर नियंत्रण की देशव्यापी बहस और खींचतान सार्वजनिक विवाद में तब्दील हो गई है। सरकार के राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के रोडमैप पर सर्वोच्च न्यायालय ने 2015 में पानी फेर दिया था। तब से अब तक सरकार और न्यायपालिका के बीच इस पूरे मामले को लेकर तकरार और कश्मकश की खबरें शीर्ष पर हैं। शीर्ष कोर्ट का कॉलेजियम सरकार के दांव-पेचों के आगे रत्ती भर भी झुकने को तैयार नहीं जबकि केंद्र सरकार ने बदलते वक्त की जरूरतोंॉ लोकतांत्रिक प्रक्रियाॉ पारदद्दशता और जवाबदेही को जोड़ते हुए शीर्ष अदालत को सीधी चुनौती दे डाली है। केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू के प्रधान न्यायाधीश को लिखे पत्र ने तल्खी को और बढ़ा दिया है। सरकार के साथ जजों के चयन को लेकर हुए पत्राचार को कोर्ट की वेबसाइट पर डाले जाने को सरकार ने रॉ और आईबी की आंतरिक निजता का उल्लंघन बताया पर कोर्ट की आलोचना विवाद में राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ और लोक सभा स्पीकर ओम बिरला की सार्वजनिक नसीहतों पर सरकार चुप है। वैसे भी न्याय में देरी का मतलब है न्याय से इनकार करना है। लंबित मामलों को कम करने का एकमात्र तरीका सरकार और न्यायपालिका का एक साथ आना है। इसमें तकनीक की अहम भूमिका है। जजों की नियुक्ति की यह बहस पिछले दो-ढाई दशकों से चल रही है। इस बहस को भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जो स्वयं बड़े वकील रहे ने राज्य सभा में यह कहकर हवा दी कि राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के कानून को 2015 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज करना उचित नहीं था तथा वह जनादेश का असम्मान करने वाला कदम था क्योंकि उसे लोक सभा और राज्य सभा ने पास किया था। भारत के कानून एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी कॉलेजियम सिस्टम को जनविरोधी कहा था जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने 2015 में 4-1 के बहुमत से एनजेएसी कानून को अवैध करार देकर निरस्त कर दिया था। सबसे पहले तो जजों को नियुक्ति के लिए संविधान के अनुच्छेद 124 (2) और 217 (1) को देखें जिसकी व्याख्या को लेकर केंद्र और न्यायपालिका में टकराव है। अनुच्छेद 124 ( 2 ) के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधान न्यायाधीश और अन्य अधिकृत न्यायाधीशों के परामर्श से की जाएगी। हाई कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति अनु.. 217 (1) के अनुसार भारत के प्रधान न्यायाधीश, राज्य के राज्यपाल और हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने जो कॉलेजियम प्रणाली बनाई है। उसके अनुसार केंद्र सरकार कॉलेजियम द्वारा स्वीकृत सूची को इंकार कर सकती है परंतु कॉलेजियम पुनः उन्हीं नाम भेजें तो केंद्र को उसे मानना होगा। दरअसलॉ अनु. 124 (2 ) और 217 (1) की व्याख्या को लेकर यही मूल मतभेद है। जबकि अप्रत्यक्ष रूप से न्यायपालिका और सरकार अपनी - अपनी श्रेष्ठता नियुक्तियों में कायम रखना चाहती हैं। कॉलेजियम प्रणाली 1950 में संविधान लागू होने के समय विकसित नहीं हुई थी और 1990 के पहले तक तो केंद्र सरकार की पसंद नापसंद ही सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति का आधार होती थी। 1976 में आपातकाल में भारत सरकार ने तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों की वरिष्ठता को नकारते हुए जस्टिस एन. राय को प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया था। कहा जाता है कि इन तीन न्यायाधीशों ने केंद्र बनाम केशवानंद भारती प्रकरण में केंद्र के कानून के खिलाफ निर्णय दिया था जिसके लिए उन्हें तत्कालीन केंद्र सरकार ने दंडित किया था और जस्टिस श्री राय की नियुक्ति के बाद उन्होंने उस मामले पर बगैर किसी याचिका केवल मौखिक अनुरोध के आधार पर सुनवाई की तथा पुरानी बेंच को रद्द कर नई पीठ का गठन किया जिसने सरकार के अनुकूल फैसला दिया। यह एक प्रकार से स्वतंत्र न्यायपालिका के सत्ता समर्पित और प्रतिबद्ध न्यायपालिका में बदलने की शुरूआत थी। 1990 के बाद सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधीशों की नियुक्ति में अपनी दखल को बढ़ाई तथा कॉलेजियम प्रणाली को संवैधानिक व्यवस्था का दर्जा देकर नियुक्तियों में अपनी श्रेष्ठता कायम रखी। ध्यान रहे कि उस समय केंद्र में मिली जुली जोड़-तोड़ और अस्थिर सरकारें थीं। इसलिए इस निर्णय को केंद्र ने आसानी से स्वीकार कर लिया। शायद कॉलेजियम निर्णय के पीछे एक सामाजिक श्रेष्ठता का भी कारण है। 1990में मंड़ल कमीशन की कुछ सिफारिशों को लागू किए जाने के बाद समाज और सरकार के एक हिस्से और न्यायपालिका में आरक्षण और हिस्सेदारी की मांग तेज हुई थी।

वैसे देखा जाए तो न्यायाधीशों की नियुक्ति में सरकार का दखल बढ़ता है। तो कहीं न्यायालय के न्यायाधीश भी सरकार के अनुसार तो नहीं चलेंगे। सबसे ज्यादा मामले न्यायालय में सरकार के विरुद्ध ही किए जाते हैं। चाहे आम जनता द्वारा या सरकारी कर्मचारियों द्वारा हों। अगर जज अपनी नियुक्ति के लिए सरकार द्वारा वीटो पर निर्भर करेंगे। तब इस बात की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि वे सरकार से गठबंधन में होंगे या कम से कम उनकी विश्वसनीयता जनता की नजर में संदिग्ध रहेगी। आखिरॉ सरकार एनजेएसी कानून या दूसरे माध्यमों से न्यायाधीशों की नियुक्ति में इतनी दिलचस्पी क्यों रखती है। अगर उसका मानना है कि वर्तमान व्यवस्था में जो जज नियुक्त हो रहे हैं। वे अनुभवहीन अपारदर्शीं अयोग्य या किसी विशेष व्यवस्था को आगे बढ़ा रहे हैं। तो सरकार हर जज की नियुक्ति की सिफारशों में इसकी विस्तार से चर्चा कर सकती है। और सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम को तर्कसंगत तरह से अपने निर्णय परिवर्तन के लिए कह सकती है। लेकिन सरकार जज तो उसी व्यवस्था से चुनते रहना चाहती है। सिर्फ वीटो पावर अपने पास रखना चाहती है। यूनाइटेड किंगडम में जजों की नियुक्ति पांच लोगों का चयन आयोग करता है। कनाडा में 5 सांसदों के चयन पैनल द्वारा होता हैं जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसद होते हैं। जर्मनी में जजों की नियुक्ति मुख्य न्यायालय में इलेक्शन द्वारा होती है। फ्रांस में जजों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है। नामों को स्पेशल पैनल मंजूर करता है। परंतु भारत में नियुक्तियां राज्य की किसी भी संस्था के बिना न्यायाधीशों द्वारा होती हैं। बदलते समय में यह ताद्कक नहीं हैं यही कारण है कि न्यायपालिका की आजकल आलोचना हो रही है। यहां तक कि न्यायपालिका में आरक्षण की आवश्यकता जताई जा रही है। ताकि समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को भी न्यायाधीश बनने का समान अवसर मिल सके। इसे ध्यान में रखते हुए 28 मार्च 2018 को सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया जिसमें जस्टिस आदर्श गोयल और जस्टिस यूयू ललित ने माना कि कॉलेजियम सिस्टम की अपनी खामियां हैं और न्याय संगत नियुक्तियां नहीं हो रही हैं। आज न्यायालय न ही सिर्फ न्याय करता है। बल्कि इसे लागू भी करता है। इसकी इसी ताकत पर प्रश्न चिह्न लगाए जा रहे हैं क्योंकि पिछले कुछ दिनों में न्यायालय ने जो निर्देश दिए हैं। वे तर्कसंगत नहीं दिखते और न ही संविधान के मूल्यों को दर्शाते हैं। न्यायपालिका न्याय करती नहीं दिख रही हैं इस कारण से राजनीतिक पार्टियां मुद्दा बनाकर न्यायिक प्रक्रिया में सुधार की मांग कर रही हैं ताकि न्यायपालिका की गरिमा बनी रहे और प्रजातंत्र मजबूती मिले। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि सरकार पहले से ही न्यायपालिका को नियंत्रित करने के लिए सांवैधानिक रूप से सुसज्जित है। सक्षम है। कॉलेजियम सिस्टम की कमियों का फायदा उठाते हुए नियुक्ति की वीटो पावर सरकार के पास होना न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए उचित नहीं है।

# परन्तु छात्रों की यह जिज्ञासा कौन दूर करे ?

**तनवीर जाफरी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का लगभग प्रत्येक वर्ष छात्रों से संवाद स्थापित करने का मनपसंद कार्यक्रम 'परीक्षा पर चर्चा ' गत 27 जनवरी को एक बार फिर आयोजित किया गया। भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों,मंत्रियों ,केंद्रीय मंत्रियों,सांसदों व विधायकों ने विशेषकर इस कार्यक्रम 'परीक्षा पर चर्चा' में देश में अलग अलग निर्धारित स्थानों पर शिरकत की। मुख्य संवाद कार्यक्रम प्रधानमंत्री की मौजूदगी में हालांकि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित हुआ जबकि देश भर में छात्रों को इस कार्यक्रम से ऑन लाइन जुड़ने की व्यवस्था की गयी। खबरों के अनुसार 38 लाख छात्रों ने इसमें भाग लेने हेतु अपना पंजीकरण करवाया था। इस बार के 'परीक्षा पर चर्चा' के आयोजन के विशेष पहलू यह थे कि अगले वर्ष लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह चर्चा महत्वपूर्ण थी।दूसरा यह कि इस चर्चा में छात्रों के अतिरिक्त शिक्षकों व अभिभावकों को भी शामिल किया गया। राष्ट्रीय मीडिया से लेकर क्षेत्रीय व स्थानीय मीडिया तक ने इस आयोजन को खूब बढ़ा चढ़ाकर प्रकाशित व प्रसारित किया। यदि आप इस चर्चा को किसी राजनैतिक नजरिये से न देखें तो निश्चित रूप से यह देश के छात्रों का सौभाग्य है कि अपने व्यस्ततम कार्यक्रमों से समय निकाल कर देश के प्रधानमंत्री अपने देश के भविष्य यानी छात्रों से संवाद स्थापित करते हैं और उन्हें परीक्षा संबंधी 'टिप्स ' देते रहते हैं। परन्तु 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने कई बार अलग अलग अवसरों व अलग अलग स्थानों पर अपने जिस 'दिव्य ज्ञान ' का दर्शन दिया है,प्रधानमंत्री की चर्चा सुनने वाले न केवल इन्हीं बच्चों में से लाखों बच्चे बल्कि देश के करोड़ों लोग भी प्रधानमंत्री के उस 'दिव्य ज्ञान' पर न केवल और विस्तृत चर्चा चाहते हैं बल्कि ऐसे कई सवालों व विषयों के सही उत्तर आज भी तलाश रहे हैं ? जिन छात्रों व अध्यापकों से प्रधानमंत्री ने संवाद किया उनमें तमाम छात्र व अध्यापक विज्ञान विषय के भी थे। उन्हें याद है जब 26 फरवरी 2019 को बालाकोट पर भारतीय सेना द्वारा की गयी एयर स्ट्राइक के बारे में प्रधानमंत्री ने एक साक्षात्कार में बताया था कि - " उस ( एयर स्ट्राइक के ) समय वेदर (मौसम) अचानक खराब हो गया था. बहुत बारिश हुई थी। विशेषज्ञ (हमले की) तारीख बदलना चाहते थे, लेकिन मैंने कहा कि इतने बादल हैं, बारिश हो रही है तो एक फायदा है कि हम रडार (पाकिस्तानी रडार ) से बच सकते हैं, सब उलझन में थे क्या करें। फिर मैंने कहा बादल है, जाइए... और (सेना) चल पड़े... भारतीय विमानों ने खुली जगह में बम गिराए।" प्रधानमंत्री के कहने का तात्पर्य यही था कि उनके कहने पर बालाकोट हमले के दौरान बादलों का तकनीकी रूप से फायदा उठाकर भारतीय सेना और भारतीय मिराज पाकिस्तान के रडार से बच सका और लक्ष्य पर हमला करने में कामयाब हुआ। प्रधानमंत्री के इस 'दिव्य ज्ञान ' ने उस समय से लेकर आज तक विज्ञान के छात्रों व वैज्ञानिकों को भी अचम्भे में डाल रखा है। जिन छात्रों को भौतिक विज्ञान में अब तक यह पढ़ाया जाता था कि रडार किसी भी मौसम में काम करने में सक्षम होता है और यह अपनी सूक्ष्म तरंगों के माध्यम से अपने क्षेत्र में आने वाले किसी भी विमान का पता लगा लेता है। परन्तु छात्रों को परीक्षा के टिप्स देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस 'दिव्य ज्ञान ' वाले अवैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित बयान ने विज्ञान के छात्रों को दुविधा में जरूर डाल दिया। प्रधानमंत्री के इस बयान का उन दिनों सोशल मीडिया पर खूब मजाक उड़ाया गया था। प्रधानमंत्री को फिजिक्स पढ़ने की नसीहत भी दी जा रही थी। वैज्ञानिकों द्वारा इस बयान को तकनीकी रूप से बिल्कुल गलत बताया जा रहा था। शिक्षा और विज्ञान जगत से जुड़े लोग प्रधानमंत्री के इस बयान को देश के होनहार वैज्ञानिकों का अपमान बताते हुये कह रहे थे कि उनकी काबिलियत का मजाक उड़ाने जैसा है। वे ऐसी मूर्खतापूर्ण सलाह प्रधानमंत्री को नहीं दे सकते हैं। भाजपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से भी प्रधानमंत्री के इस 'दिव्य ज्ञान ' को ट्वीट किया गया था परन्तु और ज्यादा फजीहत होती देख उसी समय उस 'ज्ञान वर्धक 'ट्वीट को डिलीट कर दिया गया था। परन्तु प्रधानमंत्री से परीक्षा पर चर्चा करने वाले छात्र आज भी दुविधा में हैं कि आखिर रडार बादलों में काम करता है या नहीं? इसी तरह 10 अगस्त 2018 को बायोफ़्यूल डे पर संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाले की गैस से चाय बनाने वाले एक व्यक्ति का यह किस्सा सुनाया था।कि 'मैंने एक बार अखबार में पढ़ा था कि किसी छोटे से नगर में नाले के पास कोई चाय का ठेला लेकर खड़ा रहता था और चाय बेचता था। चाय बनाने की बात कोई करता है तो मेरा ध्यान उधर चला ही जाता है। वहां एक गंदी नाली बहती थी और इस शख़्स के दिमाग में एक आइडिया आया। उसने उस नाली में एक छोटे बर्तन को उल्टा किया और छेद करके उसमें पाइप डाल दी।

गटर से गैस निकलती थी, उस पाइपलाइन से वो गैस को अपने चाय के ठेले पर ले लिया। वह उसी गैस का इस्तेमाल करके चाय बनाता था। प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद भी सोशल मीडिया पर लोगों ने उनकी इस बात का भी खूब मजाक उड़ाया था। यदि यह तकनीक सही है फिर आज जबकि रसोई गैस के दाम आसमान पर हैं और देश में चारों तरफ नालों में दुर्गन्ध और सड़ांध का साम्राज्य है ऐसे में इससे उपयुक्त अवसर और कौन सा होगा जबकि प्रधानमंत्री की इस कथा पर शोध किया जाये और नाले से गैस ईंधन एकत्रित कर लोगों को राहत दी जाये ? परन्तु शायद उनका यह ज्ञान भी बादल में रडार के निष्क्रिय होने जैसा ही था अन्यथा आज देश के नाले नालियां गैस ईंधन का मुख्य स्रोत बन चुके होते।

विज्ञान ही नहीं बल्कि समय समय पर प्रधानमंत्री ने भ्रम पैदा करने वाले इतिहास संबंधी भी ऐसे कई बयान दिये हैं जिससे छात्रों में संशय पैदा हुआ है। सवाल यह है कि प्रधानमंत्री के मुंह से निकले परन्तु भ्रम पैदा करने वाले अनेक बयानों के बाद अब छात्रों की यह जिज्ञासा कौन दूर करे कि अब तक जो कुछ उन्हें पढ़ाया सिखाया व बताया गया वह सही है या प्रधानमंत्री द्वारा समय समय दिया जाने वाला अद्भुत 'दिव्य ज्ञान ' सही है ?

# अंधविश्वास की मौत (लघुकथा)



डॉ. रीना रवि मालपानी
(कवयित्री एवं लेखिका)

**परिवर्तन** संसार का नियम है और समय के अनुसार परिवर्तनों को स्वीकार करना ही समझदारी का संकेत है, पर दुनिया में कुछ लोग अभी भी अपनी जड़बुद्धि के कारण वहीं के वहीं स्थिर है। ऐसा ही एक परिवार था राधा का। राधा का विवाह कुछ समय पूर्व ही हुआ था। परिवार के लोगों में अर्थ की संपन्नता तो अत्यधिक थी पर उनकी सोच विस्तृत नहीं थी। शायद शिक्षा का अभाव भी परिवार में दिखाई देता था। राधा तो शिक्षित थी पर परिवार की मयार्दा के आगे अक्सर गलत निर्णय भी मौन स्वीकार कर लेती थी। कभी-कभी गरीबों और जरूरतमंदों के प्रति राधा को उनका रवैय्या अच्छा नहीं लगता था, पर राधा सदैव मौन ही रहती थी। विवाह के कुछ समय अंतराल के पश्चात राधा ने गर्भावस्था की यात्रा तय करना शुरू किया। परिवार में चहुँ ओर प्रसन्नता और उमंग का माहौल दिखाई दे रहा था। प्रारम्भिक अवस्था में घरवालों की राय मानना बहुत जरूरी होता है तो राधा ने उन्हीं के मनोनुकूल निर्णयों को स्वीकार किया। उनकी राय में ज्यादा डॉक्टरी राय को मानना ठीक नहीं था। इसी के चलते उसके अल्ट्रासाउंड और समय पर जरूरी टेस्ट और वेक्सीनेशन भी कम हुए। राधा अपने भावी जीवन को लेकर काफी उत्साहित थी। सभी परिवार वालों ने गोद भराई का कार्यक्रम पूरी खुशी से किया। दिखावा, लेनदेन में कोई कमी नहीं छोड़ी, पर सारी कंजूसी और न्यूनता डॉक्टरी परामर्श में ही रही। कभी-कभी समय की चल उल्टी पड़ जाती है। डिलिवरी की तारीख नजदीक आ गई। राधा का वजन अत्यधिक बढ़ गया था क्योंकि वह गर्भावस्था में होने वाली डाईबीटीज से ग्रसित थी। पर्याप्त टेस्ट न होने की वजह से इस बीमारी की जानकारी नहीं हो पाई। अंत समय में डॉक्टर ने नॉर्मल डिलिवरी से मना कर दिया। गर्भावस्था के कुछ कॉमप्लीकेशन जो सोनोग्राफी नहीं होने की वजह से नहीं पता चल पाए उसमें प्लेसेन्टा की पोजीशन भी थी। इसके अतिरिक्त उसके यूट्रेस में गठान भी थी जिसके चलते बच्चे को बढ़ने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिली और पैरों की उँगलियों में कुछ असमानता रह गई। यह सारे परिणाम अंधविश्वास के चलते समय-समय पर डॉक्टरी परामर्श न लेने की वजह से हुए। राधा की आशा अब निराशा में बदल गई। वह तो शिक्षित थी और विज्ञान को भी समझती थी, पर संस्कारों और मयार्दा की दुहाई के चलते आज उसके पास पछतावे के अलावा कुछ भी नहीं था। उसकी आँसुओं की धार रुकने का नाम ही नहीं ले रही थी। शिशु के जन्म ने आज पूरे परिवार की आँखें खोल दी। जब राधा कभी डॉक्टरी परामर्श के लिए बोलती भी थी तो परिवारवाले अपने समय की दुहाई देते रहते थे कि हमारे समय में घर में ही चार-चार बच्चे हो जाते थे। आज सभी स्वयं को राधा का आरोपी समझ रहे थे। हमें समझना चाहिए कि परिवर्तित जीवनशैली के कारण कई प्रकार के परिवर्तन आए है जिन्हें समय के अनुरूप समझना जरूरी है। आज केवल अंधविश्वास के चलते राधा के सुनहरे भविष्य की मौत हो गई क्योंकि बच्चे को आजीवन शारीरिक अस्वस्थता से ग्रसित रहना पड़ेगा। इस लघुकथा से यह शिक्षा मिलती है कि हमें समय अनुरूप बदलावों को समझना होगा और समय के अनुरूप उचित निर्णय लेने होगें। विज्ञान की सच्चाई को भी समझना होगा और संकोच आने पर उचित सलाह भी लेनी होगी। कभी-कभी अच्छे परिवर्तनों के लिए सबको मिलकर आवाज उठानी होगी वरना बाद में पछतावे के अलावा और कोई हल उपलब्ध नहीं होगा। समय रहते अंधविश्वास की मौत जरूरी है वरना हम जीवनभर खुद को कोसते रह जाएंगे।

# नकल रोकने के लिए हैरानी भरा फैसला

**उत्तरप्रदेश** की योगी सरकार ने बोर्ड परीक्षाओं में होने वाली नकल को रोकने के लिए एक हैरानी भरा आदेश पारित किया है। परीक्षा में कड़ाई बरतने के लिए सरकार ने फैसला लिया है कि नकल करने वाले विद्यार्थियों पर रासुका या एनएसए यानी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाया जाएगा। जो स्कूल परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे, वहां प्रधानाचार्य के कक्ष से अलग एक स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा, जहां प्रश्न पत्र रखे जाएंगे। परीक्षा केंद्रों पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम बनेंगे, हर जिले के कंट्रोल रूम लखनऊ से जुड़ेंगे। अगर किसी केंद्र में सामूहिक नकल का मामला आया, तो फिर परीक्षा निरस्त कर, उस केंद्र को हटा दिया जाएगा। गौरतलब है कि उप्र में 16 फरवरी से 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं हो रही हैं। परीक्षाओं में नकल के लिए कुख्यात कुछ राज्यों में उप्र का नाम भी आता है। स्कूलों की परीक्षाओं के अलावा व्यावसायिक और सरकारी नौकरी के लिए परीक्षाओं में नकल की खबरों के कारण योगी सरकार अतीत में काफी बदनाम हो चुकी है। इसलिए शायद मुख्यमंत्री ने इस बार फैसला लिया है कि परीक्षा पूरी तरह से पारदर्शी और सख्त तरीके से हो। परीक्षा में नकल न हो और सभी विद्यार्थी अपनी मेहनत और योग्यता के अनुरूप अंक हासिल करें, यह एक आदर्श स्थिति है। मगर क्या इसके लिए विद्यार्थियों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार उचित है। 10वीं और 12वीं के बच्चे अधिक से अधिक 17-18 साल के होंगे। बेशक नयी तकनीकी के कारण आज के बच्चे उम्र से पहले परिपक्व हो रहे हैं और वयस्क जीवन की बहुत सी बातों से अभी से परिचित हो जाते हैं।

## फटाफट खबरें

### लेखपाल पर दबंगई का आरोप, रोड निकालने को जबरन नापा खेत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्र खोही में लेखपाल अशोक कुमार वर्मा पर जबरन किसान की भूमि को नापने का आरोप लगा है। किसान अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि लेखपाल ने धमकी देकर जबरन खेत में रोड बनाने को नापजोख की है, जबकि खेत के बगल से बीस साल पहले सडक निकली थी। उसी सडक से लोग आवागमन करते हैं।

रविवार को खोही गांव के किसान अरुण कुमार त्रिपाठी ने लेखपाल पर आरोप लगाया कि रोड के उस पार विद्यालय प्रबंधक दिनेश कुमार पटेल व शिवचरण पटेल जबरन लेखपाल से उसका खेत नपवा रहे हैं। उसे धमकी दे रहे हैं कि बर्बाद कर देंगे। उसकी गैर मौजूदगी में खेत की नाप की गई है। सूचना पर जब वह मौके पर पहुंचे तो लेखपाल ने धमकी देकर उन्हें भगा दिया।

किसान अरुण कुमार त्रिपाठी ने एसडीएम सदर राजबहादुर से लेखपाल की शिकायत की है। उन्होंने लेखपाल पर कार्यवाही की मांग की है। एसडीएम सदर राजबहादुर ने बताया कि मामले की जांच की जायेगी। लेखपाल ने जबरन किसान को परेशान किया है तो लेखपाल के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

### बिरजाकुंड तक चला स्वच्छता अभियान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 54वें अभियान के तहत भगवान कामतानाथ के प्राचीन मुखारबिन्द के आगे सुरागौ से बिरजाकुण्ड तक सफाई की गई।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर राकेश केशरवानी ने बताया कि उप्र-मप्र संयुक्त स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता को दो प्रकार से देख सकते हैं। व्यक्तिगत व सार्वजनिक स्वच्छता, हम कहीं भी जायें स्वच्छता का ध्यान रखें। लापरवाही से कचरा इधर-उधर न फेंके। उचित जगह पर निस्तारण करें। सीएमओ मप्र विशाल सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारत को निर्मल और स्वच्छ देश बनाने का सपना देखा था। उसे सभी लोग पूरा करें। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें।

खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने कहा कि अभियान का मतलब ये नहीं कि खुद के स्वास्थ्य के प्रति लोगों की सोंच और स्वभाव में परिवर्तन लाना है। स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता हम अपने आप में खुद महसूस कर सकते हैं। इस मौके पर अंजू वर्मा, विवेक केशरवानी, प्रभात सिंह, राजेन्द्र त्रिपाठी, जितेन्द्र, शुभम, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### पांच पर गुण्डाएक्ट, जिला बदर को भेजा जेल

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पांच अपराधियों के खिलाफ बरगढ थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

रविवार को बरगढ थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने आम जनता में भय एवं आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले पप्पू पटेल पुत्र लालता, अरुण पटेल पुत्र पप्पू पटेल, सोहन पटेल पुत्र लालता, राजेश पुत्र सोहनलाल, भोले पुत्र पप्पू पटेल निवासी बरगढ मोड कोनिया के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इस कार्यवाही से अपराधीतत्वों में खलबली मची है।

इसी क्रम में अवैध शराब के खिलाफ जारी अभियान के क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा मुन्नीलाल की टीम ने दीपक पटेल पुत्र रामा पटेल निवासी सिद्धपुर के कब्जे से 36 देशी क्वार्टर समेत दबोचा है। 60 आबकारी अधिनियम के तहत चालान किया है। टीम में दरोगा के साथ सिपाही गोलू भार्गव व जयनारायण पटेरिया शामिल रहे। कोतवाली कर्वी के दरोगा श्यामदेव सिंह ने मनोज पटेल पुत्र चुन्ना सिंह निवासी तौरा थाना पहाडी के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब बरामद की है। राजापुर थाने के दरोगा काशीनाथ यादव की टीम ने सोनू सोनकर पुत्र होरीलाल निवासी कस्बा राजापुर के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब बरामद की है।

इसी क्रम में सरैंया चैकी प्रभारी चन्द्रमणि पाण्डेय की टीम ने जिला बदर चन्द्रशेखर सिंह पुत्र भयंकर सिंह निवासी गढचपा को जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार किया है। उसे गुण्डा नियंत्रण एक्ट के तहत जेल भेजा है।

# आकांक्षी जिले को मेडिकल कालेज की सौगात मिलने पर सांसद ने सीएम योगी का जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल ने बुंदेलखंड के सबसे पिछडे एवं आकांक्षी जिले चित्रकूट में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने की गरज से मेडिकल कालेज की सौगात देने पर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। सांसद ने कहा कि सीएम योगी धर्मनगरी चित्रकूट के समग्र विकास के प्रति संकल्पित हैं। सांसद ने बताया कि बीते दिनों चित्रकूटधाम मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ को जिले में मेडिकल कालेज खोलने समेत संसदीय क्षेत्र के चहुंमुखी विकास बाबत कार्य योजनाएं सौपी थी। जिस पर आकांक्षी जिले चित्रकूट को यह बडी सौगात मिली है।

रविवार को बांदा-चित्रकूट सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि सूबे में योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में जब से भाजपा की सरकार बनी है, तब से बुंदेलखंड का चहुंमुखी विकास हुआ है। दुर्दांत डकैतों के आतंक के लिए कुख्यात रहे चित्रकूट आज पर्यटन का हब बन रहा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के निर्माण बाद भगवान श्रीराम की तपोभूमि देश की राजधानी दिल्ली से सीधे जुड गया है। देवांगना की मनोरम पहाडी पर बनकर तैयार हो चुके देश के सबसे सुंदर टेबलटाप एयरपोर्ट के शुरू होते ही विदेशी पर्यटकों का आवागमन बढेगा। जिससे क्षेत्र में पर्यटन आधारित रोजगार के नये-नये अवसर विकसित होगें।

सांसद पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि बीते दिनों लखनऊ में चित्रकूट मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित विकास सम्बंधी समीक्षा बैठक में उन्होंने चित्रकूट में मेडिकल कालेज खोलने समेत संसदीय क्षेत्र के विकास की कई कार्य योजनाएं सौंपी थी। जिसमें से सीएम योगी ने चित्रकूट में मेडिकल कालेज खोलने की मंजूरी दे दी है। सांसद ने बताया कि चित्रकूट में जल्द ही पीपीपी माडल पर मेडिकल कालेज खुलेगा। मेडिकल कालेज के लिए तरौहा रूरल में पुलिस अधीक्षक आवास के पास 8.693 हेक्टेयर भूमि भी चिन्हित कर ली गई है। सांसद ने बताया कि मेडिकल कालेज बनने के बाद चित्रकूट वासियों को जिले में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने लगेगीं। उन्होने चित्रकूट को मिली इस बडी सौगात के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है।

सांसद आरके सिंह पटेल ने संसदीय क्षेत्र के कर्वी-बूढा राजापुर मार्ग का चैडीकरण, पटेल तिराहे से देवांगना रोड को फोरलेन मार्ग, राजापुर-कमासिन मार्ग का चैडीकरण, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे को भरतकूप से बढाकर राम-वन-गमन मार्ग से जोडकर खोह तक राष्ट्रीय राजमार्ग 35 पर बाईपास निर्माण एवं भरतकूप से एयरपोर्ट तक फोरलेन मार्ग, खोह रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज, अतर्रा-बिसंडा मार्ग पर अतर्रा में ओवरब्रिज, कालिंजर से बांदा, चिल्ला, बिंदकी से चैडगरा तक फोरलेन, मानिकपुर के चमरौंहा के पास मऊ गुरदरी के पास बरदहा नदी पर पुल का निर्माण, चिल्लीमल के पास यमुना नदी पर पुल निर्माण, कर्वी के कसहाई कर्वी-बूढा रोड पर रेलवे लाइन पर फ्लाई ओवर का निर्माण, बांदा में कताई मिल के स्थान पर नई औद्योगिक इकाई की स्थापना, बुन्देलखण्ड विकास निधि, राज्यांश से चित्रकूट एवं बांदा में नई सडकों का ग्रामीण, राजापुर में तुलसीदास के मन्दिर तक पहुंच मार्ग एवं यमुना में कटाव दीवाल निर्माण, अतर्रा एवं बांदा में बाईपास निर्माण आदि के सीएम को दिये गये प्रस्तावों के जल्द मंजूरी मिलेगी।

## फ्री-जोन लागू करने में आडे आ रही घूसखोरीः अजीत सिंह

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** धर्मनगरी को फ्री जोन की सौगात मिलने के बाद भी यूपी-एमपी के बीच लक्ष्मण रेखा खिंची हुई है। क्या मजाल कि यूपी के टैम्पो और ई-रिक्शा मप्र सीमा में प्रवेश कर लें। यूनियन और स्थानीय पुलिस की हठधर्मिता शासन के आदेशों पर हावी है। बुंदेली सेना ने सीएम को भेजे पत्र में फ्री जोन लागू करने की मांग की है।

रविवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मनगरी को फ्री जोन की सौगात दी थी। ये सौगात मिलने से 15 किमी परिधि में यूपी-एमपी के वाहनों को इधर-उधर आने-जाने में छूट मिली थी। फ्री जोन हो जाने से तीर्थयात्रियों को बहुत बड़ी सुविधा मिलनी थी। बार-बार टैम्पो बदलने से मुक्ति मिलनी थी। खासतौर पर जानकीकुंड अस्पताल और आरोग्यधाम आने वाले हजारों गरीब बीमारों को राहत मिलती। ग्रामोदय के छात्रों को भी लाभ मिलता। श्रद्धालु भी हलाकान होने से बच जाते। सरकार के निर्णय की सभी ने सराहना की थी, लेकिन आज तक फ्री जोन पूरी तरह से लागू नहीं हुआ। निमोर्ही अखाडा मोड़ मे नयागांव सीमा के अंदर मजाल नहीं है कि यूपी क्षेत्र का कोई भी थ्रीव्हीलर वाहन प्रवेश कर जाये। आज भी दोनो प्रदेशों के बीच पहले की भांति लक्ष्मण रेखा खिंची हुई है। दोनो प्रदेशों के तीन पहिया यात्री वाहन सीमाओं को लांघने से डरते है। आखिर शासन के आदेशों के बावजूद कौन लोग है जो फ्री जोन लागू नहीं होने दे रहे। कौन लोग हैं जिनके लिए शासनादेश भी कोई मायने नहीं रखता। शायद तीन पहिया वाहनों के यूनियन से मिलने वाली मलाई सबसे ज्यादा आडे आ रही है। बुंदेली सेना ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में फ्री जोन लागू करने की मांग की है, ताकि श्रद्धालु सरकार की जय-जयकार कर सकें।

## मानिकपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष ने जितेन्द्र मोहन शुक्ला

**अखंड भारत संदेश**



**मानिकपुर/चित्रकूट।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मीडिया क्लब मानिकपुर की बैठक पंचवटी ढाबा में हुई। सभी पत्रकारों ने एकराय होकर मानिकपुर तहसील के वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र मोहन शुक्ला को निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चयनित किया।

रविवार को मीडिया क्लब मानिकपुर के अध्यक्ष जितेंद्र मोहन शुक्ला को चुना गया। पत्रकार शेषमणि गुप्ता, सचिन वन्दन, राकेश सिंह, बसंत द्विवेदी, सनत उपाध्याय को उपाध्यक्ष मनोनीत किया। हेमनारायण द्विवेदी को महासचिव, कोषाध्यक्ष पारस मिश्रा बने। सचिव मो असलम, शंकरदयाल गर्ग, शिवनायक, विकास कुमार, मनोज तिवारी बनाए गए। वरिष्ठ पत्रकार रामपाल त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार लवलेश तोमर, वरिष्ठ पत्रकार राजेश्वर सिंह को संरक्षक मण्डल में रखा गया है।

इस मौके पर घनश्याम पाण्डेय, प्रमोद त्रिपाठी, जूड मार्टिन, अनुज हनुमत, बसंत द्विवेदी, बसंत द्विवेदी, विकास कुमार, मो अनीश, नेन्द्रमणि मिश्रा, चन्द्रभाल पाण्डेय, राजेश कुमार तिवारी, अनीश अहमद, पंकज तिवारी, भागवत शुक्ला, सुरेन्द्र मिश्रा, डा नवल किशोर त्रिपाठी, भारत भूषण शुक्ला, मो असलम, पवन कुमार मिश्रा, राम सुशील, धर्मेंद्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### किन्नर के साथ चार लोगों ने दिया लूट की घटना को अंजाम

**हमीरपुर।** बधाई देकर वापस लौट रहे किन्नर के साथ मारपीट और नकदी जेवरात छीनने का मामला कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। तो वहीं रविवार को पुलिस किन्नर गुटों का विवाद बता जांच की बात कह रही है।

मौदहा कस्बे की किन्नर मुन्नी ने रविवार को छह किन्नरों के साथ कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि जब वह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछछ से बधाई देकर लौट रही थी तभी मुटनी निवासी मुस्कान उर्फ बिल्हड़ ने अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ शराब के नशे में किन्नरों के साथ मारपीट की और उनकी सोने की जंजीर, अगूंठी, ब्रेसलेट और नकदी करीब बारह हजार रुपये छीन लिए।

किन्नरों की मुखिया रेशमा ने बताया कि वह कस्बे की किन्नरों की मुखिया है और उसके सहयोगी किन्नर बधाई देने परछछ गए थे तभी यह घटना घटी है। साथ ही बताया कि उक्त लोग अक्सर शराब पीकर ऐसी घटनाएं करते हैं और हम किन्नरों तथा महिलाओं के सामने निर्वस्त्र होकर अश्लीलता करते हैं, इसलिए इनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए।

वहीं प्रभारी कोतवाली तौसीफ अहमद ने बताया कि किन्नरों का आपस का मामला है बधाई मांगने को लेकर विवाद हुआ है लूट जैसी कोई बात नहीं है फिर भी जांच की जा रही है और जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### सिख समाज के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर किया गया प्रोत्साहित

**लखनऊ।** लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का इस साल रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इस अवसर पर रविवार को सिख मेधावी छात्र समारोह आयोजित किया गया। इसके अलावा लखनऊ के गुरुद्वारा नाका कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा ने अवगत कराया कि कमेटी के इस कार्यक्रम का आशय न केवल सम्मान करना है बल्कि छात्रों को उत्साहित करते हुए विभिन्न रोजगार क्षेत्रों में विशेष तौर पर सिविल सेवाएं एवं रक्षा सेवाओं में अग्रसर करने के लिए प्रेरित करना भी है। महामंत्री हरपाल सिंह जग्गी ने बताया कि इस कड़ी में छात्रों को चिन्हित कर आईएएस, आईपीएस एवं सेवा अधिकारियों की ओर से प्रेरणादायक काउन्सलिंग का आयोजन करना एवं छात्रों को रोजगार लिए प्रशिक्षिण का दायित्व भी लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी निभाएगी। इस कड़ी में गुरुद्वारा सदर प्रशिक्षण केन्द्र में खोला जायेगा एवं सिविल सेवाओं एवं रक्षा सेवाओं की परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं में, जिनकी वित्तीय स्थिती सही नहीं, उनके लिए कोचिंग का प्रबन्ध कराना है। प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने बताया कि दसवीं एवं बाहरवीं के छात्रों को सम्मान पत्र एवं पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। जिसमें दसवीं के 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक वाले आठ छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन, 90 से 94.5 प्रतिशत तक के 12 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट वॉच, 65 से 90 प्रतिशत तक के 22 छात्र-छात्राओं को इलेक्ट्रिक केटल प्रदान की गई। बाहरवीं के 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक वाले 3 छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन, 90 से 94.5 प्रतिशत तक के एक छात्र-छात्राओं को स्मार्ट वॉच, 65 से 90 प्रतिशत तक प्रतिशत के 14 छात्र को इलेक्ट्रिक केटल प्रदान की गई। निर्णायक मंडल में विशेष भूमिका नरिन्दर सिंह मोंगा, मेजर मनमीत कौर सोढ़ी, दविन्दरपाल सिंह बग्गा, सरबजीत सिंह बख्शी ने निभाई। सबसे अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों को नरिन्दर सिंह मोंगा की लिखित पुस्तक 'अनमोल कलमां' प्रदान की गई।

### चार करोड़ 60 लाख से स्वच्छ होगी गोरखपुर की हवा

**गोरखपुर।** महानगर की हवा की गुणवत्ता सुधारने के लिए नगर निगम को फिर चार करोड़ 60 लाख रुपये मिले हैं। इन रुपयों से उपकरणों की खरीद और वातारण में धूल उड़ने से रोकने के उपाय किए जाएंगे। नगर निगम को पहले भी नौ करोड़ 63 लाख 66 हजार 51 रुपये मिल चुके हैं। नगर निगम को अब तक 14 करोड़ 23 लाख 66 हजार 51 रुपये मिल चुके हैं। मशीन से सड़क की सफाई, फुटपाथ पर इंटरलाकिंग, ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण, चौराहों पर फव्वारा, डिवाइडर पर ग्रीन बेल्ट, मलबे के निस्तारण के कंस्ट्रक्शन एंड डिमालिशन वेस्ट मशीन की स्थापना, घरों से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण, यातायात को नियंत्रित करना, जगह-जगह पार्किंग की सुविधा, सड़क की सफाई आदि कार्य होंगे।

# आज होंगे मतदान, मुस्तैदी से जुटा प्रशासनः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने उप्र विधान परिषद द्विवार्षिक चुनाव 2023 इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की तैयारी बाबत जोनल व सेक्टर मजिस्टेज्टों से कहा कि 30 जनवरी को सवेरे आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। मतदान केन्द्र के अन्दर मोबाइल फोन, कैमरा, पेन, पेन्सिल, सादा कागज एवं पानी की बोतल पूरी तरह प्रतिबंधित है। ये सभी सामग्री मतदान केन्द्रों पर ले जाना अपराध की श्रेणी में है। मिलने पर निर्वाचक के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।



रविवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत चुनाव आयोग के निर्देश पर इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक के चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने हैं। सभी का दायित्व है कि चुनाव निर्विघ्न सम्पन्न करायें। उन्होंने कंट्रोल रुम का निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी।

इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसडीएम रामजन्म यादव, एसडीएम सदर राजबहादुर, एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह समेत संबंधित अधिकारी एवं जोनल, सेक्टर मजिस्टेज्ट मौजूद रहे।

# विदेश संदेश

## ट्रंप ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार शुरू किया, कहा-अब 'और कटिबद्ध हूं'

**सालेम।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना प्रचार अभियान शुरू कर दिया। दो महीने से अधिक समय पहले उन्होंने तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव में किस्मत आजमाने की घोषणा की थी। सालेम के न्यू हैंपशायर में रिपब्लिकन पार्टी की सालाना बैठक में ट्रंप ने पार्टी नेताओं से कहा, ''राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर हम यहां से अपने अभियान की शुरुआत कर रहे हैं।'' ट्रंप कोलंबिया जाने से पहले सालेम में रुके थे। उन्हें सालेम में रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं को दक्षिण कैरोलाइना की अपनी प्रचार टीम से वाकिफ कराना था।ट्रंप ने कहा, ''मैं अब और नाराज हूं और पहले की तुलना में (राष्ट्रपित चुनाव के लिए) अधिक कटिबद्ध हूं।'' ट्रंप और उनके सहयोगियों को आस है कि प्रत्याशी चयन को लेकर अधिक शक्तिशाली प्रांतों में चल रही घटनाएं पूर्व राष्ट्रपति के पीछे की ताकत को प्रदर्शित करेंगी, क्योंकि उनके अभियान की ढीली शुरुआत से राष्ट्रपति पद के चुनाव में उतरने की उनकी कटिबद्धता पर कई लोग सवाल उठाने लगे हैं।



अभी सिर्फ ट्रंप ने ही 2024 के राष्ट्रपति चुनाव की उम्मीदवारी के लिए अपनी दावेदारी घोषित की है। फ्लोरिडा के गवर्नर आर डेसैंट्स, पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस, दक्षिण कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर निक्की हैली समेत कई संभावित उम्मीदवारों द्वारा आगामी महीनों में अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने की उम्मीद है।

## न्यूयॉर्क में दुर्घटना में छह की मौत, तीन घायल

**लुइसविली।** न्यूयॉर्क में अमेरिका-कनाडा सीमा के पास एक दर्जन से अधिक लोगों को ले जा रही एक बस और एक ट्रक के बीच टक्कर हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई तथा तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घायलों का एक अस्पताल में चल रहा है और उनमें एक की हालत गंभीर है। उनके अनुसार लुइसविली शहर के पास राजमार्ग 37 पर इस बस में 15 लोग सवार थे।उन्होंने 'टीवी स्टेशन डब्ल्यूडब्ल्यूएनवाई' को बताया कि इस दुर्घटना का दृश्य 'भीषण' था। इस टीवी स्टेशन द्वारा जारी की गई तस्वीरों में राजमार्ग के किनारे कुछ फुट ऊंची बर्फ को देखा जा सकता है। उसने कहा कि शनिवार सुबह करीब छह बजे दुर्घटना हुई और शायद उस समय कम दृश्यता रही होगी। अधिकारियों ने टीवी स्टेशन को बताया कि ट्रक सामानों से पूरी तरह से भरा हुआ था।

## नाटो के पूर्व जनरल पेट्र पावेल बने चेक गणराज्य के नए राष्ट्रपति, चुनाव जीतते ही यूक्रेन पर दिया बयान

**प्राग।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सैन्य समिति के पूर्व अध्यक्ष पेट्र पावेल चेक गणराज्य के नए राष्ट्रपति बन गए। पेट्र पावेल ने अपने प्रतिद्वंदी और विवादास्पद राष्ट्रपति मिलोस जमैन को बदलने के लिए एक रन-ऑफ वोट में अरबपति लेडी बैबिस को हरा दिया। सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार पावेल को 58 प्रतिशत से अधिक वोट मिले। जीत के बाद पावेल ने लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि आप सभी ने वोट देकर लोकतंत्र का सम्मान किया और इस देश की परवाह की। पावेल यूरोपीय संघ और नाटो के मुखर समर्थक रहे हैं, चेक गणराज्य के भविष्य को उनकी सदस्यता से अभिन्न रूप से जोड़कर देखते हैं। पावेल ने बार-बार रूस के साथ संघर्ष के दौरान यूक्रेन को सैन्य और मानवीय सहायता प्रदान करने वाले देशों के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है।



## ईरान के सैन्य संयंत्र में विस्फोट

**तेहरान।** ईरान के केंद्रीय शहर इस्फहान में एक सैन्य संयंत्र पर जोरदार विस्फोट हुआ है। सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि इससे कोई हताहत नहीं हुआ है। ईरान राज्य प्रसारक आईआरआईबी ने रविवार तड़के अपनी वेबसाइट पर यह सूचना साझा की है।

ईरना के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस ड्रोन हमले को विफल कर दिया गया है। इससे पहले आईआरआईबी ने सिर्फ यह सूचना दी थी कि विस्फोट रक्षा मंत्रालय के एक गोला-बारूद निर्माण केंद्र में हुआ है। ईरान के राजनीतिक और सुरक्षा उप प्रमुख की घोषणा के अनुसार कोई हताहत नहीं हुआ।

# 2025 में हो सकता है चीन-अमेरिका युद्ध : यूएस एयरफोर्स जनरल ने जताई आशंका, कहा- 2024 में होने वाले चुनाव चीन को उकसा सकते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 4-स्टार एयरफोर्स जनरल माइक मिनिहन ने आशंका जताई है कि अगले 2 साल में अमेरिका और चीन के बीच युद्ध हो सकता है। अपने डिपार्टमेंट को 1 फरवरी को लिखे एक मेमो में जनरल ने ये बात कही। हालांकि, उनके विचार पेंटागन के इरादे नहीं बताते हैं, लेकिन ताइवान पर लगातार कब्जा करने की कोशिश करता चीन और इस पर अमेरिकी सेना का रुख एक चिंता का विषय है।

**ये मिनिहन के निजी विचार**

मिनिहान ने कहा- मुझे लगता है हम 2025 में चीन से युद्ध लड़ेंगे। मैं चाहता हूं कि ये आशंका गलत साबित हो, लेकिन अमेरिका और ताइवान दोनों 2024 में राष्ट्रपति चुनाव कराएंगे। इसके चलते चीन की तरफ से सैन्य कार्रवाई की जा सकती है। मिनिहन के मेमो पर बात करते हुए एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा कि ये टिप्पणी चीन को लेकर अमेरिका की सोच या विचार नहीं बताती है।

**ताइवान स्ट्रेट पर बढ़ रहीं चीनी सैन्य गतिविधियां**

अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने इस महीने की



शुरुआत में कहा था कि ताइवान स्ट्रेट पर चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों से उसके मंसूबे साफ दिखाई देते हैं। साथ ही चीन ने ताइवान पर पिछले कुछ सालों में डिप्लोमैटिक, मिलिट्री और इकोनॉमिक दबाव भी बढ़ा दिया है। ताइवान की सरकार के मुताबिक वो शांति चाहते हैं, लेकिन हमला होने पर वो अपनी रक्षा जरूर करेंगे।

**महिलाओं को सेना में शामिल करेगा ताइवान**

ताइवान ने चीन की घुसपैठ और युद्ध की तैयारियों को भांपते हुए अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए ताइवान महिलाओं को रिजर्व फोर्स में शामिल कर पुरुषों की तरह मिलिट्री ट्रेनिंग देने जा रहा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वो इस साल की दूसरी तिमाही से 220 महिला सैनिकों को ट्रेनिंग देगा।चीन ने ताइवान में 71 लड़ाकू विमानों से समुद्री और हवाई ड्रिल्स की। इनमें 60 से ज्यादा फाइटर जेट्स शामिल थे। ताइवान की डिफेंस मिनिस्ट्री ने इसे चीन की तरफ से की गई सबसे बड़ी घुसपैठ की कोशिश बताया है।अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी पिछले साल ताइवान विजिट पर गई थीं, जिसे लेकर चीन काफी परेशान था। 1997 के बाद पहली बार (25 साल बाद) अमेरिका के इतने बड़े ओहदेदार ने इस देश की यात्रा की थी। अमेरिका किसी भी सूरत में ताइवान को चीन के हाथों में जाते नहीं देख सकता। यही टकराव की वजह भी है।

# ईरान में 5.9 तीव्रता का भूकंप, 7 की मौत

### 440 घायल, बिजली गुल; लोगों ने शून्य से नीचे तापमान के बावजूद खुले में रात गुजारी

**खोए।** ईरान के खोए शहर में रात 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 440 लोग घायल हुए हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किमी नीचे था।

ईरानी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भूकंप के झटके बहुत तेज थे और ईरान के पश्चिमी अजरबैजान प्रांत में कई इलाकों में महसूस किए गए। इसके बाद से सरकारी अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है। सोशल मीडिया पर भूकंप के कुछ फोटो और वीडियो वायरल हो रहे हैं। भूकंप प्रभावित इलाकों में बर्फबारी

स्थानीय मीडिया ने बताया कि भूकंप के असर वाले कुछ इलाकों में बर्फबारी हो रही है, वहां तापमान 0 डिग्री सेल्सियस से



नीचे है। कुछ जगहों पर बिजली सप्लाई भी ठप हुई है। रेस्क्यू टीम भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में चीजें सामान्य करने में लगी हुई हैं।

**जुलाई 2022 में आया था 6.0 तीव्रता का भूकंप**

2 जुलाई 2022 को ईरान में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। इस भूकंप के झटके पड़ोसी देशों कतर और यूएई के साथ ही चीन तक महसूस किए गए थे। भूकंप में 5 लोगों की मौत हो गई थी और 44 लोग घायल हो गए थे।

**25 जून को भी आया था भूकंप**- ईरान के दक्षिणी सूबे में 25 जून को 5.6 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया था। इस आपदा के चलते एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 30 से अधिक लोग घायल हो गए थे। ईरानी मीडिया ने यह जानकारी थी। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने बताया कि एपिसेंटर होर्मोजगन प्रांत के किश द्वीप से 22 किलोमीटर उत्तर पूर्व में था। इसका केंद्र सतह से 22 किलोमीटर नीचे था।

# पेरू में यात्री बस पर चट्टान गिरी, 24 की मौत



**लीमा (पेरू।** पेरू के उत्तर सुदूर ए आल्टो जिले में तड़के एक यात्री बस पर चट्टान गिर गई। इस हादसे में 24 यात्रियों की जान चली गई। बस 60 यात्री थे। यह सूचना स्थानीय मीडिया ने अपने-अपने इंटरनेट संस्करणों में दी है। पेरू की परिवहन पर्यवेक्षी एजेंसी ने दुर्घटना की पुष्टि की है। मगर उसने मृतकों या घायलों का विवरण नहीं दिया है।। यह क्यू ओरियांका टूर्स अगुइला दोराडा कंपनी की बताई गई है। बस पेरू की राजधानी लीमा से इक्वाडोर सीमा के पास स्थित तुम्बेस क्षेत्र के लिए रवाना हुई थी।

# वेतन बढ़ाने की मांग पर डॉक्टरों की हड़ताल :डेढ़ महीने से पूरे ब्रिटेन में इलाज भारतीय डॉक्टरों के हवाले, फिर भी हो रहा भेदभाव

**लंदन।** ब्रिटेन में सरकारी स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) में वेतन बढ़ाने के लिए डेढ़ महीने से कर्मचारी हड़ताल पर हैं। एनएचएस में 1.15 लाख भारतीय डॉक्टर हैं, जिनमें से ज्यादातर हड़ताल में शामिल नहीं हैं। इससे काम का बोझ इन्हीं डॉक्टरों और नर्सों पर पड़ रहा है। करार में औसतन हफ्ते में 40 घंटे की शिफ्ट है।

यानी 8 घंटे रोजाना, लेकिन उन्हें रोज 12 घंटे या ज्यादा ड्यूटी करनी पड़ रही है। कई भारतीय डॉक्टरों का कहना है कि काम के दबाव से उनकी मानसिक और भावनात्मक सेहत पर बुरा असर पड़ा है। एनएचएस की भारतीय डॉक्टर अदिति सेंगर ने भास्कर से कहा कि वे शायद ही कभी 12 घंटे से पहले अस्पताल छोड़ पाती हैं। परिवार के लिए वे समय ही नहीं दे पाती हैं। बर्न आउट के कारण डॉक्टर, नर्स सहित अन्य अमला एनएचएस छोड़ रहा है। सात साल में एनएचएस छोड़ने वाले तीन गुना बढ़ गए हैं।

इसके अलावा डॉक्टर भेदभाव का भी शिकार हैं। ऐसे माहौल से परेशान होकर पिछले साल बर्मिंघम क्वीन एलिजाबेथ अस्पताल की भारतीय डॉक्टर वैष्णवी कुमार (35) ने खुदकुशी की। उनके पिता ने हाल में सुसाइड नोट जारी किया जिसमें वैष्णवी ने अस्पताल को दोषी ठहराते हुए लिखा है कि यहां के माहौल ने मुझे तोड़ दिया है। मेरी मृत्यु होने पर इस अस्पताल में न लाया जाए। अपनी मां से



माफी भी मांगी है।

**भेदभाव:** भारतीय डॉक्टरों को दूरदराज के इलाकों में तैनात किया जाता है।

**1.15 लाख डॉक्टर भारतीय**

एनएचएस में कुल 1.15 लाख भारतीय डॉक्टर हैं। भारत में मेडिकल की बुनियादी शिक्षा हासिल 60,000 डॉक्टर और 40,000 नर्सें हैं। इतने ही ब्रिटेन में जन्मे भारतीय डॉक्टर हैं। एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन के जेएस बामरा कहते हैं कि इनकी दम पर ही एनएचएस है।

**ब्रिटिश डॉक्टर नहीं जाते गांव में**

ब्रिटेन के गांवों, छोटे कस्बों, पिछड़े इलाकों में ब्रिटिश डॉक्टर काम नहीं करते। केवल भारतीय डॉक्टर ही वहां जाते हैं। श्रमिकों, खान मजदूरों की बस्तियों में भारतीय डॉक्टर ही जाकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वेल्स की रोंडा वैली कमजोर वर्ग की बस्ती है जहां 73 प्रतिशत डॉक्टर भारतीय हैं।

**जांच के घेरे में भारतीय ज्यादा**

एनएचएस की भीतरी पड़ताल में सामने आया है कि भारत में प्रशिक्षित डॉक्टर भेदभाव का शिकार हैं। जनरल मेडिकल काउंसिल ने एक स्टडी में पाया कि भारतीय डॉक्टर के कामकाज के आकलन की पांच गुना अधिक संभावना होती है। किसी भारतीय डॉक्टर की शिकायत पर जांच की संभावना बढ़ जाती है।

**70 लाख मरीज वेटिंग लिस्ट में**

ब्रिटेन में 70 लाख मरीज डॉक्टर से समय मिलने के इंतजार में हैं। सामान्य सर्जरी के इंतजार का समय बढ़ गया है। अस्पताल में बेड के लिए इंतजार 2011 की तुलना में 2019 में आठ गुना बढ़ गया। इसी अवधि में इलेक्टिव केयर के लिए 18 हफ्ते से ज्यादा का इंतजार करने वाले तीन गुना बढ़ गए।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में तेज रफ्तार बस खाई में गिरी, 39 लोगों की मौत



**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में रविवार सुबह एक बस खाई में गिर गई। इस हादसे में 39 लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तानी मीडिया डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, हादसा लसबेला जिले में हुआ। बस में करीब 48 यात्री सवार थे। पुलिस के मुताबिक, बस की रफ्तार काफी तेज थी। इसके बाद वो ब्रिज के पिलर से टकराकर खाई में गिर गई। अब तक एक महिला और एक बच्चे समेत 3 लोगों को बचाया गया है।

## आतंक का साथ देने वालों के घरों पर चलेगा बुलडोजर...

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कब्जे वाले पश्चिमी तट पर यहूदी बस्तियों को 'मजबूत' करने की योजना के साथ-साथ फिलिस्तीनियों के खिलाफ कई दंडात्मक कदमों की घोषणा की है। उन्होंने गोलीबारी की दो घटनाओं में सात इजरायलियों के मारे जाने और पांच अन्य के घायल होने के बाद यह कदम उठाया है। नेतन्याहू ने शनिवार को इजरायली नागरिकों के लिए बंदूक परमिट में तेजी

# पाकिस्तानी वित्त मंत्री को भरोसा : अल्लाह ने बनाया पाकिस्तान, वही करेंगे रक्षा

**इस्लामाबाद।** गंभीर आर्थिक एवं सामाजिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के वित्त मंत्री को अब इससे निपटने के लिए सिर्फ अल्लाह का भरोसा ही नजर आ रहा है। उन्होंने कहा है कि अल्लाह ने पाकिस्तान बनाया है, वही इसकी रक्षा करेंगे।

पाकिस्तान में लगातार आर्थिक संकट कायम है। पिछले दिनों आया भीषण बिजली संकट अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हुआ है। महंगाई चरम पर है और आतंकी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इमरान खान को हटाए जाने के बाद से राजनीतिक संकट भी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। हालात ये हो गए हैं कि पाकिस्तान की सत्ता में बैठे लोगों को बस अल्लाह का सहारा ही दिख रहा है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर स्थापित एकमात्र देश है। इसके



विकास और समृद्धि के लिए अल्लाह जिम्मेदार है, क्योंकि नकदी संकट से जूझ रहे देश को भुगतान के गंभीर संकट का सामना करना पड़ा है।

सत्ताधारी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता इशाक डार ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि पाकिस्तान प्रगति करेगा क्योंकि यह इस्लाम के नाम पर बना है। अगर अल्लाह पाकिस्तान बना सकता है तो वह उसकी रक्षा, विकास और समृद्धि भी कर सकता है।

इशाक डार ने पाकिस्तान की मौजूदा बदहाली के लिए पांच साल पहले शुरू हुए 'नाटक' को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि यहां के लोगों को अब भी भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस नाटक के पहले 2013-17 के दौरान नवाज शरीफ के कार्यकाल में पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अच्छी हालत में थी। नवाज के शासन में पाकिस्तान तरक्की की राह पर था लेकिन उसे पटरी से हटा दिया गया। लोग देख सकते हैं कि पिछले पांच साल में देश को कितनी बर्बादी का सामना करना पड़ा है।

# कैलिफोर्निया में फायरिंग में 3 की मौत, 4 घायलः इस महीने मास शूटिंग की छठवीं घटना

**कैलिफोर्निया।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में मास फायरिंग की घटना में 3 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग घायल हो गए। लॉस एंजेलिस पुलिस ने बताया कि शूटिंग दरमियानी रात 2.30 बजे यहां के पॉश इलाके बेवर्ली क्रेस्ट में हुई।

मारे गए तीनों लोग एक गाड़ी में बैठे हुए थे, जबकि घायल हुए 4 लोग कार के बाहर खड़े थे। चारों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है। न्यूज एजेंसी क्क के मुताबिक, इस महीने कैलिफोर्निया में फायरिंग की ये छठवीं घटना है।

**शूटिंग की वजह की जानकारी नहीं**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभी तक शूटिंग के पीछे के कारण का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने हमलावर के पकड़े जाने की पुष्टि भी नहीं की है। हमले में मारे गए लोगों के नाम भी अब तक जारी नहीं किए गए हैं।

**एक हफ्ते पहले मारे गए थे 10 लोग**

अमेरिका के कैलिफोर्निया में 21-22 जनवरी की दरमियानी रात मास शूटिंग की घटना हुई। यहां मोंटेरी पार्क इलाके में स्थित एक डांस हॉल में चाइनीज न्यू ईयर सेलिब्रेशन चल रहा था। तभी एक हमलावर ने यहां अंधाधुंध गोलियां चला दीं। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई। 10 लोग घायल हुए। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में 5 महिलाएं थीं। पूरी खबर



**24 जनवरी को कैलिफोर्निया में दो जगहों पर मास फायरिंग में 8 की मौत**

कैलिफोर्निया में 24 जनवरी को दो लोकेशन पर मास फायरिंग की घटना हुई। इसमें कुल 8 लोगों की मौत हो गई थी। पहली वारदात हाफ मून बे इलाके में हुई। यहां हमलावर ने दो अलग-अलग जगहों पर फायरिंग की। इस हमले में 7 लोगों की मौत हो गई। जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## नेशनल मसाला मीट: किसानों की आय बढ़ाने के लिए देश में एग्रोनॉमिक्स पर कार्य करना होगा

**जयपुर।** राजस्थानी एसोसिएशन ऑफ स्पाइसेस (रास) के तत्वावधान में जयपुर में आयोजित दो दिवसीय नेशनल स्पाइस बिजनेस मीट-2023 में रविवार को देश-विदेश के प्रमुख मसाला उद्यमियों, निर्यातकों एवं व्यवसायियों ने राजस्थान के मसाला उत्पादों की पैदावार, क्वालिटी, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन, एक्सपोर्ट एवं विपणन पर मंथन किया। रास के संस्थापक निदेशक विनीत चौपडा, बनवारी लाल अग्रवाल, राकेश कुमार आटोलिया, श्यामसुंदर जाजू, जोधपुर जीरा मंडी के अध्यक्ष पुरूषोत्तम मूंदड़ा, पीसीके महेश्वरन, लाडेश गोलछा, महावीर गुप्ता ने बताया कि दो दिन में छह सत्रों में देषभर से आये 600 प्रतिनिधियों ने पैनल चर्चा में भाग लिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को इस नेषनल स्पाइस मीट का उद्धाटन किया था। पैनल चर्चा में ईस्टर्न कॉडिमेंट्स प्रा.लि.,अनार्कुलम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के.के. मेनन ने कहा कि धनिया, जीरा, सौंफ, मिर्च, सरसों आदि की प्रोसेसिंग कर अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, मिडिल ईस्ट के देशों को एक्सपोर्ट कर रहे हैं। यदि किसानों की पैदावार को सोटिंग व क्लिनिंग से उच्च क्वालिटी उत्पाद बनाया जाये तो उनकी आय दो से तीन गुना बढ सकती है। प्रथम सत्र में ह्याएक्सपोर्ट व्यापार-समस्या और समाधानह्न पर पैनल चर्चा करते हुये मॉडरेटर मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि राजस्थान से जीरे का निर्यात सीरिया, टर्की, अफगान, ईरान, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, चीन व खाडी के देशो में अधिक हो रहा है।

उन्होंने सवाल पूछा कि जीरे में पेस्टिसाइड नहीं डालने पर क्या पैदावार कम होती है। इस पर किरणदीप सिंह स्वानी ने कहा कि सरकार किसानों को इको फ्रेंडली केमिकल्स उपलब्ध करवाये। किसान ग्रीन पेस्टिसाइड्स का प्रयोग कर सकते हैं। एफआईएसएस, दुबई के चेयरमैन अश्विन नायक ने बताया कि राजस्थान के जीरे में तुलनात्मक रूप से पेस्टिसाइड का उपयोग कम होता है। जैसलमेर व बाडमेर में गर्मी के कारण जीरे की पैदावार कम होती है। एमएम इंटीनेशनल, मुंबई के निदेशक निमिश बोहरा ने कहा कि प्रदेश की यूनिवर्सिटी के रिसर्च सेंटर में मसाला के बीजों पर अनुसंधान हो।